इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

40वीं वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

40वीं वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

महामहिम भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016 के उद्घाटन के सुअवसर पर



इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

वार्षिक रिपोर्ट 2016-17

लोकसभा/राज्यसभा के पटल
पर रखे जाने हेतु दस्तावेज

अधि-प्रमाणित

आई टी पी ओ की 40वीं वार्षिक आम बैठक जारी

लेखा परीक्षक
मैसर्स ग्रोवर, लाला ऐण्ड मेहता
चार्टर्ड लेखाकार

मुख्य बैंकर्स
सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया
कैनरा बैंक
यूनियन बैंक आफ इण्डिया

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

40वीं

वार्षिक रिपोर्ट

2016-2017

आई टी पी ओ का मुख्यालय, नई दिल्ली

विषय सूची

निदेशक मंडल	08
मुख्य कार्यकारी	09
भारत में आई टी पी ओ के कार्यालय	13
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य	16
वार्षिक आम बैठक की सूचना	25
निदेशकों की रिपोर्ट	30
भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	75

लेखा

(i) आई टी पी ओ का पृथक लेखा	95
(ii) आई टी पी ओ का समेकित लेखा	143

नयाचार
PROTOCOL
RESERVED LOUNGE
VVIP LOUNGE
INTERNATIONAL BUSINESS LOUNGE

40वीं
वार्षिक रिपोर्ट
2016-2017

निदेशक मण्डल

श्री एल सी गोयल
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
(2.9.2015 से)

श्री जे के डाडू
अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(13.8.2015 से)

श्री मनोज जोशी
संयुक्त सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मंत्रालय
(16.8.2017 तक)

श्री अल्का नागिया अरोड़ा
संयुक्त सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मंत्रालय
(17.8.2017 से)

श्री संजय चड्ढा
संयुक्त सचिव
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(30.3.2016 से)

श्री के नागराज नायडू
संयुक्त सचिव (ई डी)
विदेश मंत्रालय
(7.7.2015 से)



श्री पी एन विजय
निदेशक
(10.6.2016 से)

श्रीमती शुभ्रा सिंह
कार्यकारी निदेशक
(09.2.2017 तक)

श्री रजनीश
कार्यकारी निदेशक
(24.5.2017 तक)

श्री दीपक कुमार
कार्यकारी निदेशक
(25.5.2017 से)

मुख्य कार्यकारी

(26.09.2017 को आयोजित वार्षिक आम बैठक की तिथि को यथास्थिति)

श्री जयन्त दास
महाप्रबन्धक

श्री जे गुणाशेखरन
महाप्रबन्धक

श्री अजय कुमार वशिष्ठ
महाप्रबन्धक

श्री डी एम शर्मा
वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी

श्री विकास मल्होत्रा
महाप्रबन्धक

श्री एस आर साहू
कम्पनी सचिव एवं महाप्रबन्धक

श्री आर पी धूसिया
महाप्रबन्धक

श्री डी के जैन
महाप्रबन्धक

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016

भारत में आई टी पी ओ कार्यालय

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016

भारत में आई टी पी ओ के कार्यालय

पंजीकृत एवं मुख्यालय

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001 (भारत)
फोन: 91-11-23371540 (ईपीएबीएक्स) फैक्स: 91-11-23371492
ई-मेल info@itpo.gov.in वेबसाइट: www.Indiatradefair.com
ट्रेड पोर्टल: www.tradeportalofindia.com
सी आई एन: यू74899डीएल1976एनपीएल008453

क्षेत्रीय कार्यालय

चेन्नई

राजा अन्नामलाई बिल्डिंग, द्वितीय तल
18-ए, रूकमणी लक्ष्मीपति रोड
एग्मोर, चेन्नई-600008
फोन: 91-44-28554655/28587297/28415416/28524655
फैक्स: 91-44-28554740
ई-मेल: itpochn@md4.vsnl.net.in
narayanv@itpo.gov.in

कोलकाता

इन्टरनेशनल ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर
पांचवा तल, 1/1, वुड स्ट्रीट
कोलकाता-700016
फोन: 91-33-22825820/22822904/22828586
फैक्स: 91-33-22828269
ई-मेल: itpocal@cal3.vsnl.net.in/rroy@itpo.gov.in

मुम्बई

7-कूपरेज रोड, तीसरा तल
झांसी कैसल,
मुम्बई-400001
फोन: 91-22-22026629/22021788/22044918/22021730/22850878
फैक्स: 91-22-22044922
ई-मेल: itpo@itpomumbai.com/itpomumbai@gmail.com

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य

40वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य

देवियो और सज्जनो

आई टी पी ओ की 40वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए, मैं गौरवान्वित हो रहा हूं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 की निदेशकों की रिपोर्ट और परीक्षित लेखा, समेकित लेखा एवं सांविधिक लेखापरीक्षकों की राय तथा भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां पहले ही आप लोगों में परिचालित की जा चुकी हैं। यह बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आई टी पी ओ के वित्तीय वर्ष 2016-17 के वार्षिक लेखों के बारे में भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक से 'शून्य' टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं। आपकी अनुमति से, इन्हें मैं पढ़ा हुआ मान लेता हूं।

भावी चुनौतियां और सुअवसर

प्रदर्शनी उद्योग का अर्थव्यवस्था और व्यापार में सतत् विकास के साथ गहरा संबंध है। प्रदर्शनियों के माध्यम से संवर्धनात्मक आयोजन व्यापार और वाणिज्य को उत्प्रेरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आपकी कम्पनी चुनौतियों और अवसरों को स्वीकारने के लिए तैयार है और भारत तथा विदेशों में व्यापार मेलों/ प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की क्षमता का प्रदर्शन करके अर्थव्यवस्था के विकास के लिए योगदान दे रही है। आई टी पी ओ ने आई आई टी एफ, 2017 (14-27 नवम्बर) के दौरान **'स्टार्ट अप इण्डिया: स्टेण्ड अप इण्डिया'** थीम अपनाई है, जहां पर कि सभी राज्य और सरकारी संगठन तथा अन्य हितधारकों ने मिलकर इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री के **'स्टार्ट अप इण्डिया: स्टेण्ड अप इण्डिया'** विजन को प्राप्त करने के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे।

वित्तीय निष्पादन

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस वर्ष आपकी कम्पनी के द्वारा अर्जित कुल आय गत वर्ष की **375.56 करोड़ रु. की तुलना में 388.97 करोड़ रु.** है। आपकी कम्पनी का उत्कृष्ट निष्पादन कुल आय अर्थात **388.97 करोड़ रु. से प्रतिबिम्बित होता है जो आपकी कम्पनी के द्वारा उसके शुरू होने से लेकर सर्वाधिक अर्जित कुल आय है। आपकी कम्पनी ने 263.14 करोड़ रु. के प्रचालनों से रिकार्ड राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले 5 वर्षों के दौरान अर्जित राजस्व से सबसे अधिक है।**

आई टी पी ओ की प्रमुख उपलब्धियां/कार्यकलाप समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कार्य-निष्पादन रेटिंग

आपकी कम्पनी ने वर्ष 2015-16 के समझौता ज्ञापन में

'बहुत अच्छा' रेटिंग प्राप्त किया है जो 23 करोड़ रु. की पेंशन स्कीम के प्रभाव के कारण 'उत्कृष्ट' रेटिग में न आ सकी। वर्ष 2016-17 के दौरान, स्व-मूल्यांकन के अनुसार एम ओ यू रेटिंग के 'बहुत अच्छा' रहने की भी संभावना है, जो 01.01.2017 से तीसरे पी आर सी के वेतन संशोधन संबंधी दिशा-निर्देशों की वजह से वेतन संशोधन, उपदान (ग्रेच्युटी) और 22 करोड़ रु. (लगभग) के छुट्टी नकदीकरण के प्रभाव के बिना भी 'उत्कृष्ट' हो सकती थी।

वर्ष के दौरान, आई टी पी ओ की अवसंरचना क्षमता और सेवा उपलब्धता में सुधार और वृद्धि करने के लिए बहुत से महत्त्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। इनमें से कुछ निम्नलिखित हैं :-

- आई आई टी एफ और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के लिए टिकटों की ऑन लाइन बुकिंग का कार्यान्वयन।
- घरेलू मेलों में आनलाइन स्थान बुकिंग सिस्टम।
- जी ई एम एस से ई-प्राप्ति/ई-निविदा शुरू करना।
- आई टी पी ओ के घरेलू मेलों में मोबाइल ऐप शुरू करना।
- ई-भुगतान/ई-रिफण्ड कार्यात्मक।
- सभी ए. सी. हालों में वाई-फाई सुविधा।
- सोशल मीडिया का उपयोग-फेसबुक, ट्विटर और यू-ट्यूब।
- उत्तम नेटवर्क कनेक्टीविटी के लिए 7 नए टेलीकॉम टावर लगाए गए।
- आई टी पी ओ का व्यापक मोबाइल ऐप अंतिम चरणों में हैं।
- थर्ड पार्टी मेलों के दौरान 'हेल्प डेस्क' का कार्यान्वयन।
- स्टार्ट-अप्स के लिए आई टी पी ओ के मेलों में 50 प्रतिशत छूट।
- भागीदारों/आयोजकों के साथ परस्पर बातचीत और ब्रीफिंग।
- थर्ड पार्टी मेलों के लिए ऑन-लाइन स्थल की बुकिंग करना सक्रिय रूप से विचाराधीन है।

विदेशों में आयोजित मेलों में भागीदारी

वर्ष 2016-17 के दौरान, आई टी पी ओ ने विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में एकल भारतीय प्रदर्शनियां सहित 26 विदेशी मेलों में राष्ट्रीय स्तर की भागीदारी आयोजित की। इन 26 मेलों में से 5 यूरोप में, 6 अफ्रीका/वाना, 3 एन ए एफ टी, एल ए सी, एन ई ए और सार्क तथा एशियन, सी आई एस और दक्षिण एशिया क्षेत्र में प्रत्येक में 1-1 मेला आयोजित किया गया है।

आई टी पी ओ विश्व के प्रमुख बड़े-बड़े मेलों में नियमित रूप से भागीदारी कर रहा है, ये मेले हैं - ए ए पी ई एक्स - लास वेगास (ऑटो पार्ट), नेशनल हार्डवेयर मेला, लास-वेगास, एस आई ए एल - पेरिस, समर फेंन्सी फूड शो- न्यूयार्क, फूडेक्स-सऊदी; (फूड ऐण्ड बेवरेज), मेडिका डसेल्डोर्फ (फार्मास्युटिकल), अफ्रीका बिग सेवन/साइटेक्स, अफ्रीका हेल्थ (जोहांसबर्ग), ए एफ एल' आर्टिजियानो इन फिएरा - अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, मिलान (इटली)।

'ब्राण्ड इण्डिया' को बढ़ावा देने के लिए - 6 विशेष इण्डिया सोर्सिंग मेले आयोजित किए गए थे अर्थात दो एल ए सी क्षेत्र में अर्थात् चिली और पेरू में, तीन सार्क क्षेत्र अर्थात दो बंगला देश में और एक श्रीलंका में; एक सी. आई. एस. क्षेत्र अर्थात् रूस में। आई टी पी ओ ने अपने वार्षिक समसामयिक मेला ओसाका (जापान में) में भारतीय परिधान मेला और भारतीय होम फर्नीशिंग मेला भी आयोजित किया। आई टी पी ओ दो दशकों से अधिक समय से इन मेलों का आयोजन कर रहा है, जिनसे विशेषीकृत जापानी बाजार में इण्डिया ब्रांड की प्रतिष्ठा और उपस्थिति सुनिश्चित हुई है। आर्गनाइजेशन विदेशों में मेले/प्रदर्शनियां आयोजन करने की संख्या में वृद्धि करने के लिए भागीरथ प्रयास कर रही है।

भारत में आयोजित मेले

- वर्ष 2016-17 के दौरान, आपकी कम्पनी ने भारत में 15 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले/प्रदर्शनियां आयोजित कीं। इन मेलों में से 10 मेले दिल्ली में और 5 अन्य नगरों में आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान, प्रगति मैदान में आयोजित मेलों में दूसरा भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, 36वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला; 32वां आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला; 19वीं भारतीय अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी तथा टेक्स-स्टाइल्स इंडिया शामिल थे।
- 36वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आई आई टी एफ, 2016) आयोजित किया गया। इस मेले का थीम 'डिजिटल इंडिया' था। इस मेले का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा किया गया। 24 देशों की 285 विदेशी कम्पनियों और 7000 से ज्यादा घरेलू कम्पनियों ने इस मेले में भागीदारी की। विशिष्ट मण्डप

वाले 27 राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों के अलावा, सरकार के 47 विभागों ने मेले में भागीदारी की थी। मेले में 464 दर्शकों सहित 64 विदेशी प्रतिनिधि मंडलों ने भी दौरा किया था। 14 दिनों के इस मेले में 14 लाख दर्शक आए थे, जो यह दर्शाता है कि यह मेला विश्व में अपने किस्म का सबसे बड़ा मेला है।

- आपकी कंपनी ने प्रगति मैदान में 32वां आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला आयोजित किया, जिसमें दो प्रदर्शनियां 'फूड इंडिया' और 'हॉस्पिटेलिटी इंडिया' साथ-साथ आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में 17 देशों से 51 विदेशी प्रदर्शकों सहित कुल 1141 प्रदर्शकों ने भाग लिया।
- आई टी पी ओ द्वारा प्रगति मैदान में 22वां दिल्ली पुस्तक मेला आयोजित किया गया। थीम मण्डप का हाल सं. 8 में स्थापना की गई थी, जिसमें 'मेक-इन-इण्डिया' क्लीन इण्डिया - स्वच्छ भारत अभियान, डिजीटल इण्डिया, स्किल इण्डिया, स्टेण्ड अप इण्डिया, स्मार्ट सिटी, स्टार्ट अप इंडिया और उमंग (यूनिफाइड मोबाइल ऐप फॉर न्यू-एज गवर्नेन्श) के बारे में सेल्फी स्टेशन दर्शाए गए थे।
- दूसरा भारतीय अंतरराष्ट्रीय फुटवीयर मेला (आई आई एफ एफ) आयोजित किया गया। इस मेले का सह प्रायोजक भारतीय फुटवीयर उद्योग संघ था, यह 6550 वर्गमीटर क्षेत्र में लगाया गया था। इसमें विदेशों (ब्राजील, चीन, इरान, इटली और ताइवान आदि) से 103 विदेशी प्रदर्शकों सहित 263 प्रदर्शक आए थे।
- 18वां टैक्स-स्टाइल्स इंडिया प्रगति मैदान में आयोजित किया गया। टैक्स-स्टाइल्स इण्डिया के प्रदर्शन में धागे से लेकर तैयार उत्पाद और टेक्सटाइल मशीनरी सहित टेक्सटाइल उद्योग की सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला (चेन) थी। टेक्सटाइल्स इण्डिया 2017 मेला समस्त वस्त्र उद्योग की लगभग 70 कम्पनियों ने भागीदारी की। इस मेले में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, चीन, जापान, श्रीलंका, तुर्की, यू. के, और यू. एस. ए. की 50 विदेशी क्रेता और क्रेता एजेंट सहित लगभग 1000 व्यापारी दर्शक आए थे।
- आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रगति मैदान के बाहर कुछ प्रमुख मेले आयोजित किए, जिनमें से एक 32वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (आई आई एल एफ) था, जिसका आयोजन चेन्नई में किया गया था और मेले में 59 देशों के 415 विदेशी दर्शकों सहित 12,630 पंजीकृत व्यापारी प्रदर्शकों ने भागीदारी की।
- कोलकाता में 22वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा वस्तु मेला (आई आई एल जी एफ) आयोजित किया गया। मेले में सम्पूर्ण भारत से लगभग 2000 घरेलू दर्शक आए। चमड़ा क्षेत्र के विभिन्न संघटकों सहित लगभग 63 प्रमुख कम्पनियों ने इस मेले में अपने उत्पाद को प्रदर्शित किया।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के लाभ और विकास के लिए गंगटोक (सिक्किम) में 8वीं पूर्वी हिमालयी प्रदर्शनी, 2016 आयोजित की गयी। प्रर्दशनी में प्रमुख भागीदारों में डोनर मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के वी आई सी, पूर्वोत्तर हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड, सिक्किम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, आयुष मंत्रालय, केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (योग और प्राकृतिक विज्ञान) और राष्ट्रीय होम्योपेथी संस्थान आदि थे। रॉयल एम्बेसी ऑफ थाइलैण्ड ने मेले में भागीदारी की थी।

आईटीपीओ में अन्य (थर्ड पार्टी) द्वारा आयोजित/मेले/प्रदर्शनियां

वर्ष 2016-17 के दौरान, प्रगति मैदान में अन्य पार्टियों के द्वारा 86 मेले/प्रदर्शनियां आयोजित किए गए। इनमें से 11 ऐसे नए आयोजन/ प्रदर्शनियां थीं, जिनका आयोजन प्रगति मैदान में पहली बार किया गया था। वर्ष के दौरान आयोजित प्रमुख आयोजनों में पावरजेन इंडिया, एम्बायंट/ हिम टेक्सटाइल इंडिया, इंडिया वेयरहाउसिंग प्रदर्शनी, भारतीय अंतरराष्ट्रीय परिधान मेला, स्मार्टकार्ड एक्सपो, दिल्ली ज्वैलरी ऐण्ड जेम्स मेला, फ्रेंचाइजी इंडिया, एलईडी एक्सपो, पेपरएक्स, आईएफएसईसी, एसएटीटीई, ईटी एक्टेक इंडिया इत्यादि शामिल थे। प्रथम ब्रिक्स व्यापार मेला प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। ब्रिक्स व्यापार मेला पूरी तरह परस्पर बातचीत व्यापार मेला था और इसके आयोजन का उद्देश्य भागीदार ब्रिक्स राष्ट्रों, अर्थात् ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका में व्यापार और निवेश के सुअवसरों को बढ़ावा देना था। प्रत्येक ब्रिक्स राष्ट्र की ब्रिक्स व्यापार मेले में 397 कम्पनियों ने अभिज्ञात क्षेत्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए भागीदारी की। लगभग 910 कम्पनियों ने विभिन्न ब्रिक्स व्यापार कार्यों में भाग लिया

और तीन दिनों में लगभग 1601 बिजनेस-टू-बिजनेस (बी 2 बी) बैठकें हुईं। अन्य बिजनेस-टू-बिजनेस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों की भांति ब्रिक्स व्यापार मेला प्रौद्योगिकियों, वस्तुओं और सेवाओं का प्रदर्शन करने, व्यापार करने के लिए अवसर तलाश करने, संयुक्त उद्यम साझेदारियों और सहयोगों के लिए बातचीत और विचार-विमर्श करने हेतु एक विशिष्ट मंच था।

अन्य व्यापार संवर्धनात्मक क्रियाकलाप

व्यापार संवर्धन संबंधी प्रयासों में सहयोग की संभावना तलाश करने के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के द्वारा अप्रैल 2016 से मार्च, 2017 तक आयोजित विभिन्न व्यापार मेलों में व्यापारियों ने दौरा किया। श्रीलंका के प्रमुख प्रतिनिधियों ने आई आई टी एफ का दौरा किया और हस्तशिल्प और वस्त्रों में विशेष रुचि दिखायी, वियतनाम के प्रतिनिधि मण्डल ने वस्त्रों से निर्मित वस्तुओं, हथकरघा, हस्तशिल्प, आभूषण आदि में रुचि दिखायी, सूरीनाम से आए प्रतिनिधि मण्डल ने नारियल, बांस, चीनी के उत्पादों और प्रसंस्करण मशीनरी, सौर ऊर्जा उत्पादों, जलविद्युत (हाइड्रो) पम्पों, पवन ऊर्जा और लघु बेकिंग मशीनरी में रुचि दिखायी तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केरल और असम मण्डप का दौरा किया तथा नरौबी से आए प्रतिनिधि मण्डल ने बहु-उत्पादों में रुचि दिखायी। सदस्यों के रूप में नामांकित निर्यातकों को आई टी पी ओ सेवाओं का पैकेज उपलब्ध कराता है। बुलेटिनों, ट्रेड पोर्टल आदि के माध्यम से व्यापार संबंधी सूचना उपलब्ध करायी जा रही हैं।

पुनर्विकास योजना (आई ई सी सी)

आई टी पी ओ प्रगति मैदान, नई दिल्ली में एक विश्वस्तरीय प्रतिष्ठित एकीकृत प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंन्द्र (आईईसीसी) की स्थापना करने की प्रक्रिया में है। प्रस्तावित केंन्द्र में राष्ट्रों के बीच भारत के आर्थिक, राजनैतिक और सामरिक महत्त्व के अनुकूल विश्वस्तरीय सम्मेलन केन्द्र की सुविधाएं होंगी। प्रस्तावित अवसंरचना से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और मेलों) के अपेक्षाओं में अंतर को पाटने की संभावना होगी। इससे देश की विदेशी मुद्रा आय और दिल्ली के सेवा और व्यापार क्षेत्र के राजस्व में पर्याप्त मात्रा में वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि एम आई सी ई क्षेत्र के बहुत से मेले पूर्व एशियाई देशों तथा विश्व के अन्य क्षेत्रों से नई दिल्ली में स्थानान्तरण हो सकते हैं। यह परिसर माननीय प्रधानमंत्री के 'न्यू इण्डिया' स्वप्न का एक विशिष्ट प्रतीक होगा।

परियोजना प्रस्ताव में चरण-। में 1,51,687 वर्ग मी. के प्रदर्शनी क्षेत्रफल सहित अवसंरचना के 3,82,188 वर्ग मी. का विकास करना शामिल है।

सम्मेलन केन्द्र विश्व में सर्वोत्तम अत्याधुनिक ढांचे के अनुरूप 32.4 मीटर लंबा होगा और इसमें बैठक हाल, लॉज, सेवाओं और लगभग 4800 यात्री कार यूनिटों के लिए भूतल पार्किंग जैसी विभिन्न आनुषंगिक सेवाओं के साथ-साथ सिंगल फार्मेट में 7000 पैक्स (3000 पैक्स क्षमता का एक हाल और 4000 पैक्स का कार्यात्मक हाल सहित) बैठने की व्यवस्था होगी। 6 नए आधुनिक प्रदर्शनी हॉल होंगे, जिनका 1,00,388 वर्ग मीटर कवर्ड प्रदर्शनी स्थल होगा। आई ई सी सी के लिए बेहतर पहुंच हेतु तथा आम जनता के लाभ के लिए व्यापक ट्रेफिक यातायात की जाम की समस्या के समाधन के लिए भी प्रस्ताव किया गया है। अनिवार्य तौर पर मथुरा रोड/पुराना किला को छः लेन के मार्ग के एक भू-तल की सुरंग के माध्यम से रिंग रोड को जोड़ेगा जो प्रगति मैदान और मथुरा रोड को सिंगल फ्री बनायेगा।

प्रदर्शनी हॉलों के लिए जीआरआईएचए-3 रेटिंग और सम्मेलन केन्द्र के लिए जीआरआईएचए-4 रेंटिंग की योजना बनायी गयी है।

प्रगति मैदान में परियोजना के पूरा होने पर परिसर में 5800 वृक्षों से हरियाली उपलब्ध होगी। आई ई सी सी परियोजना का निष्पादन करते समय समस्त पर्यावरणात्मक कार्यों से संबंधित नियमों का पालन किया जायेगा।

आर्थिक मंत्रिमण्डल समिति (सी सी ई ए) ने 2254 करोड़ रु. की अनुमानित परियोजना लागत पर आई ई सी सी परियोजना को 24 जनवरी, 2017 को अनुमोदित किया गया था। परियोजना के वित्तीयन के लिए आई टी पी ओ अपने फ्री रिजर्व में से 1200 करोड़ रु. का उपयोग करेगा तथा सांस्थानिक ऋण और/अथवा परिसर में होटल हेतु भूमि के मुद्रीकरण के जरिये शेष धनराशि जुटायेगी।

राष्ट्रीय भवन विनिर्माण निगम लिमिटेड (एन बी सी सी) परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में कार्य कर रहा है। वैश्विक नीलामी के आधार पर परियोजना का विनिर्माण करने के लिए शपूर्जी पालनजी को परियोजना

निष्पादक के रूप में चयन किया गया है। परियोजना को सितम्बर 2017 से 24 महीने के भीतर पूरा करना होगा। सभी आवश्यक अनुमोदन/ सांविधिक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली गई हैं और यह सी सी ई ए के अनुमोदन के 6-7 महीनों की रिकार्ड अवधि में हुआ। परियोजना का निष्पादन इस तरीके से किया जायेगा कि प्रगति मैदान, के मौजूदा ए सी हालों में 7 से 12 ए में आयोजित किए जाने वाले निर्धारित प्रदर्शनियों/ मेलों में उस समय भी कोई बाधा नहीं आएगी।

आई सी टी सक्षम बनने की ओर

भारत सरकार के 'डिजिटल इण्डिया' अभियान के अनुरूप आई टी पी ओ में गवर्नेंस पहलों ने वर्ष 2016-17 में एक व्यापक रूप ले लिया, जिसमें प्रदर्शक/दर्शक पर सेवाओं की पारदर्शिता और डिजीटाइजेशन में वृद्धि करने पर बल दिया गया। परिवर्तन करने के मुख्य सिद्धांतों से जारी ई-गवर्नेंस परियोजनाओं और कुछ नई परियोजनाओं में सुधार किया/ कार्यान्वयन किया गया था।

प्रगति मैदान में आई टी पी ओ के द्वारा आयोजित किए गए घरेलू मेलों के लिए ऑनलाइन स्थान की बुकिंग प्रणाली में सुधार किया गया था तथा ऑनलाइन भुगतान करने के लिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आई आई टी एफ), नवम्बर, 2016 के दौरान पहली बार प्रावधान किया गया था, जिसको बाद में अन्य मेलों के लिए भी अपनाया गया है।

प्रवेश टिकटों की बुकिंग करने के लिए ऑनलाइन सिस्टम (आई आई टी एफ) नवम्बर 2016 के दौरान पहली बार शुरू किया गया था। इससे प्रगति मैदान के लिए दर्शकों को टिकट बुक करने में आसानी हुई।

प्रगति मैदान के प्रमुख प्रदर्शनी हॉलों और उनके आस-पास के क्षेत्रों में वाई-फाई सुविधा की गई थी तथा पट्टे पर (लीज) लाइन सेवाएं और वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टीविटी सुविधाओं का प्रावधान किया गया था।

राजभाषा हिन्दी

आई टी पी ओ में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु और कार्यालय का सरकारी कामकाज राजभाषा हिन्दी में करने का वातावरण बनाने हेतु प्रति वर्ष कार्यालय में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

अनुषंगी कंपनियां

तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (टी एन टी पी ओ)

तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (टी एन टी पी ओ) द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान अच्छा कार्य करना जारी है। कम्पनी ने चेन्नई व्यापार केन्द्र के प्रदर्शनी हॉलों में 108 प्रदर्शनियों का आयोजन किया और सम्मेलन केन्द्र में 78 मेले आयोजित किए गए। टी एन टी पी ओ को पिछले वर्ष के 42.23 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 47.49 करोड़ रुपये की कुल आय अर्जित की। विगत वर्ष के 21.56 करोड़ रु. की तुलना में इस वर्ष का निवल अधिशेष 31.53 करोड़ रु. है। टी एन टी पी ओ के बोर्ड ने टी एन टी पी ओ की विस्तार योजना के तहत 15,708 वर्ग मीटर के एक बहु-उद्देशीय (प्रदर्शनी/ सम्मेलन) हॉल का निर्माण करने के लिए अनुमोदन दिया है। विस्तार करने के बाद 31,063 वर्ग मीटर के कुछ क्षेत्र में सम्मेलन के लिए 2 हॉल और प्रदर्शनी के लिए 4 हॉल होंगे। अनुमानित परियोजना लागत 289 करोड़ रु. तक होगी।

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (के टी पी ओ)

वर्ष 2016-17 के दौरान, बैंगलोर ट्रेड सेंटर में 35 मेले आयोजित किए गए और विगत वर्ष की 7.99 करोड़ रु. की तुलना में कुल आय 8.00 करोड़ रु. हुई थी। तथापि वर्ष का समग्र अधिशेष 53.16 करोड़ रु. था जो मुख्यत: बैंगलोर मेट्रो निगम को दी गई भूमि के हिस्से के लिए प्राप्त किए गए मुआवजे की वजह से था।

मानव संसाधन प्रबंधन

आई टी पी ओ में आरक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों का ध्यान रखने के लिए सम्पर्क अधिकारियों का नामांकन किया गया। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक श्रेणियों के बारे में सभी दिशा-निर्देशों, दिव्यांग व्यक्तियों को पदों/ सेवाओं में आरक्षण के बारे में दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर एवं अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं सुधार) अधिनियम, 2013 का अनुपालन किया गया।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर)

एक समर्पित सामाजिक जिम्मेदार आर्गनाइजेशन के रूप में वर्ष 2016-17 की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आई टी पी ओ ने भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत कोष' और 'गंगा सफाई कोष' के लिए प्रत्येक हेतु एक-एक करोड़ रु. का अंशदान देकर स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखा। इसके अलावा, दो एम्बुलेंसों के प्रायोजक, मिड-डे-मील कार्यक्रम के तहत स्कूल में पका हुआ भोजन ले जाने के लिए 5 वितरण वाहनों के प्रायोजन, खादी शिल्पकारों (200) के लिए चरखा दान तथा स्वास्थ्य मंत्री के कैंसर रोगी कोष के लिए अंशदान जैसे कार्यकलापों के संबंध में 0.92 करोड़ रु. की धनराशि के प्रस्ताव कार्यान्वयनाधीन हैं।

कारपोरेट गवर्नेंस

आपकी कम्पनी ने सर्वोत्कृष्ट कारपोरेट (गवर्नेंस) प्रक्रियाओं का उत्साह तथा सच्ची भावना से पालन करती है। कंपनी के वर्ष 2016-17 के दौरान, वाणिज्य विभाग को कारपोरेट शासन की अनुपालन से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। विभिन्न जोखिमों को कम करने के लिए जोखिम प्रबंध कार्य भी किया जा रहा है।

आचार संहिता

निदेशक मण्डल के और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए प्रतिपादित आचार संहिता का विधिवत पालन किया गया है। इसके अनुपालन की पुष्टि डी पी ई के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों से प्राप्त कर ली गई है और घोषणा को निदेशक की रिपोर्ट के भाग के रूप में रख दिया गया है।

आभार

इस सुअवसर पर, मैं कम्पनी के सभी सदस्यों द्वारा दिये गये निरंतर एवं सतत् सहयोग तथा प्रबंधन में व्यक्त किये गये विश्वास के लिए इन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मैं वाणिज्य विभाग का उसके हार्दिक एवं निरंतर सहायता देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं अन्य मंत्रालयों/ राजदूतावासों और केंन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों के कार्यालयों तथा विशेष रूप से शहरी एवं नगर विकास मंत्रालय और विदेश मंत्रालय, जिसमें भारतीय मिशन शामिल हैं, के निरंतर मार्गदर्शन व सहायता के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं। हम केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सी पी डब्ल्यू डी), (पी डब्लू डी) दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड और अन्य एजेंसियों तथा व्यक्तियों के प्रति भी आई टी पी ओ को दिये गये उनके सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं।

आई टी पी ओ की ओर से, मैं सभी हितधारकों का समर्थन चाहता हूं और विगत की भांति और भी अधिक गुणवत्तापरक सेवाएं देने का आश्वासन देता हूं। मैं निदेशक मण्डल के अपने सहयोगियों, लेखा परीक्षकों तथा आई टी पी ओ के कर्मचारियों के अनुशासन, लगन, समर्पण एवं कठिन परिश्रम के लिए उनका साधुवाद करता हूं, जिसके परिणामस्वरूप कम्पनी लगातार उत्कृष्ट कार्य निष्पादन कर सकी। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके इस सहयोग एवं विश्वास से आई टी पी ओ भविष्य में अनेक उपलब्धियों और नई बुलन्दियों को प्राप्त करेगा और हम सब मिलकर आई टी पी ओ को उन्नत बना सकते हैं।

जय हिन्द।

हस्ता./-
(एल. सी. गोयल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26 सितम्बर 2017

दिल्ली पुस्तक मेला 2016

वार्षिक आम बैठक की सूचना

स्टेशनरी मेला 2016

वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जा रही है कि मैसर्स इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के सदस्यों की 40वीं वार्षिक आम बैठक निम्नलिखित कार्यवाही पूरी करने के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय-प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली - 110001 में मंगलवार, 26 सितंबर, 2017 को दोपहर बाद 3.00 बजे होगी :-

सामान्य कार्यवाही

दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार पृथक परीक्षित वार्षिक लेखा और समेकित लेखा तथा इस तारीख को समाप्त वित्तीय वर्ष के आय एवं व्यय विवरण के साथ-साथ निदेशकों की रिपोर्ट एवं उस पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त करना, विचार करना, अनुमोदन करना और स्वीकार करना।

कृते निदेशक मण्डल,
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के आदेश से

हस्ता./-
(एस. आर. साहू)
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.09.2017

टिप्पणियां :

बैठक में भाग लेने और मतदान करने के लिए हकदार कोई भी सदस्य अपने स्थान पर मतदान के समय उपस्थित होने और मतदान करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को नियुक्त करने का हकदार है और उस व्यक्ति को कम्पनी का सदस्य होना जरूरी नहीं है। तथापि, नियुक्त करने संबंधी विलेख बैठक आरंभ होने से 48 (अड़तालीस) घंटे से पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करना होगा।

प्राक्सी फार्म संलग्न है।

कृते निदेशक मण्डल
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के आदेश से

हस्ता./-
(एस. आर. साहू)
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11.09.2017

फार्म सं. एमजीटी - 11
प्रॉक्सी फार्म

(कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 105 (6) और कम्पनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 19 (3) के अनुसरण में)

सीआईएन: यू74899 डीएल 1976 एनपीएल008453

कम्पनी का नाम : इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

पंजीकृत कार्यालय : प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001

सदस्य (सदस्यों) के नाम :
पंजीकृत पता :
ई-मेल आईडी :
पृष्ठ सं./ ग्राहक आई. डी. :
डीपी आईडी :

मैं/हम ..... कम्पनी के ..... शेयरधारक एतद्द्वारा नियुक्त करता हूं/ करते हैं।

नाम :	नाम :
पता :	पता :
ई-मेल आईडी :	ई-मेल आईडी :
हस्ताक्षर :	हस्ताक्षर :

कम्पनी की ..... पंजीकृत कार्यालय में ..... को होने वाली कम्पनी के सदस्यों की वार्षिक आम बैठक में मेरे/ हमारे लिए और मेरी/ हमारी ओर से उपस्थित और वोट डालने के लिए तथा नीचे दर्शाए अनुसार ऐसे संकल्प के संबंध में उसके किसी आस्थगन पर हम अपनी ओर से अपना प्रॉक्सी नियुक्त करता हूं/ करते हैं।

संकल्प सं. : .....

निदेशकों की रिपोर्ट और उस लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार स्टेण्ड अलोन (पृथक) लेखा परीक्षित वार्षिक लेखे और समेकित लेखों तथा उस तारीख को समाप्त वित्तीय वर्ष के आय और व्यय का विवरण प्राप्त करना, विचार करना, अनुमोदित और स्वीकार करना।

आज ..... दिनांक ..... 2017 को हस्ताक्षरित

शेयर होल्डरों के हस्ताक्षर

प्रॉक्सी होल्डर(रों) के हस्ताक्षर

यहां पर रसीदी टिकट लगाएं

नोट: प्रॉक्सी फार्म समुचित रूप से भरकर बैठक प्रारम्भ होने से पहले कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा कर दिया जाये।

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, चेन्नई 2017

निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों की रिपोर्ट

सदस्यों को

निदेशक मण्डल इस कम्पनी की 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष की 40वीं वार्षिक रिपोर्ट एवं परीक्षित लेखा प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव कर रहा है।

1. वित्तीय विशेषताएं

आपकी कंपनी ने विगत वर्ष **164.13 करोड़ रु.** (भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार निर्धारित) की तुलना में 'अन्य व्यापक आय' पर विचार करने के बाद में वर्ष 2016-17 के दौरान **निवल 168.99 करोड़ रु. का अधिशेष** अर्जित किया है। कम्पनी के द्वारा विगत वर्ष के **375.56 करोड़ रु.** (भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार निर्धारित) की तुलना में इस वर्ष के दौरान **388.97 करोड़ रु.** की कुल आय अर्जित की है, आपकी कम्पनी का उत्कृष्ट निष्पादन सदैव सर्वाधिक अधिकतम **कुल आय अर्थात् 388.97 करोड़ रु. से प्रतिविम्बित होता है, जो आपकी कम्पनी के द्वारा अपने प्रारंभ होने से लेकर सृजित कुल आय से सदैव अधिकतम है। आपकी कम्पनी ने 263.14 करोड़ रु. के कार्य निष्पादन से रिकार्ड राजस्व अर्जित किया है जो विगत 5 वर्षों के दौरान सबसे अधिक है।**

यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 (अब कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के अंतर्गत पंजीकृत है, इसीलिए कम्पनी पर लागू इस धारा के अंतर्गत संगत प्रावधानों के अनुसार कम्पनी को कोई लाभांश घोषित करना मना है। इसीलिए अधिशेष आय को कम्पनी ने अपने पास रखा है और इसे अन्य इक्विटी में स्थानांतरण कर दिया गया है।

भारतीय लेखांकन मानक

कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एम सी ए) ने दिनांक 16 फरवरी, 2015 की अपनी अधिसूचना के द्वारा भारतीय लेखांकन मानक (इण्ड ए. एस.) अधिसूचित किया जो वित्तीय वर्ष 2016-17 से आई टी पी ओ पर लागू है। इण्ड ए. एस. ने कम्पनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित पूर्ववर्ती भारतीय जी. ए. ए. पी. का भारतीय लेखांकन मानक का स्थान ले लिया है। तदनुसार, आपकी कम्पनी ने वर्ष के भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार निर्धरित वित्तीय विवरण तैयार किए हैं।

2. निदेशक मण्डल

श्री एल. सी. गोयल ने दिनांक 2 सितम्बर, 2015 से आई टी पी ओ के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया है। श्रीमती शुभ्रा सिंह 14 दिसम्बर, 2015 से 9 फरवरी, 2017 तक आई टी पी ओ में कार्यकारी निदेशक थी। श्री रजनीश संयुक्त सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय 10 फरवरी, 2017 से 24 मई, 2017 तक कार्यकारी निदेशक थे। श्री दीपक कुमार ने 25 मई, 2017 से कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ का कार्यभार ग्रहण किया। कम्पनी के बोर्ड में अन्य गैर-पूर्णकालिक निदेशक और स्वतंत्र निदेशक इस प्रकार हैं :-

क्र.सं.	निदेशक का नाम	से	तक
1.	श्री जे. के. डाडू अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली	13.08.2015	जारी
2.	श्री मनोज जोशी संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्रालय (एम एस एम ई), नई दिल्ली	28.12.2015	16.08.2017
3.	श्रीमती अल्का नागिया अरोड़ा संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्रालय (एम एस एम ई), नई दिल्ली	17.08.2017	जारी
4.	श्री संजय चड्ढा सयुक्त सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली	30.03.2016	जारी
5.	श्री के. नागाराज नायडू संयुक्त सचिव (ईडी) विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	07.07.2015	जारी
6.	श्री पी. एन. विजय कारपोरेट वित्त विशेषज्ञ	10.06.2016	जारी

वर्ष 2016-17 के दौरान, निदेशक मंडल की 4 बैठकें हुईं। निदेशकों की नियुक्ति, इस संबंध में भारत सरकार की नीतियों के तहत प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा की जाती है।

3. प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(51) के अनुसार आई. टी. पी. ओ. के निम्नलिखित प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को संबंधित कार्यालयों में नियुक्त/ कार्यमुक्त/ कार्यभार जारी रखा गया :-

- श्री एल. सी. गोयल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आई. टी. पी. ओ. - दिनांक 02.09.2015 से जारी
- श्रीमती शुभ्रा सिंह, कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ - दिनांक 14.12.2015 से 09.02.2017 तक
- श्री रजनीश, कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ - दिनांक 10.02.2017 से 24.05.2017 तक
- श्री दीपक कुमार, कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ - दिनांक 25.05.2017 से जारी
- श्री डी. एम. शर्मा, मुख्य वित्तीय अधिकारी - दिनांक 31.07.2015 से जारी
- श्री एस. आर. साहू, कंपनी सचिव - दिनांक 27.08.2013 से जारी

4. समझौता ज्ञापन (एम ओ यू)

कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपने प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करती है। तदनुसार, वर्ष 2017-18 के लिए 7 जुलाई, 2017 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

आपकी कम्पनी वर्ष 2015-16 के समझौता ज्ञापन में **'बहुत अच्छा'** रेटिंग प्राप्त किया है, जो उत्कृष्ट होती, लेकिन पेंशन स्कीम के 23 करोड़ रु. के प्रभाव की वजह से यह रेटिंग रही। वर्ष 2016-17 के लिए स्वत: मूल्यांकन के अनुसार एम ओ यू रेटिंग भी **'बहुत अच्छा'** रहने की संभावना है जो 01.01.2017 से तीसरे पी आर सी के वेतन संशोधन संबंधी दिशा-निर्देशों की वजह से 22 करोड़ रु. (लगभग) वेतन संशोधन, उपदान (ग्रेच्युटी) और छुट्टी नकदीकरण के प्रभाव के बिना 'उत्कृष्ट' रहेगी।

2017-18 के समझौता ज्ञापन में प्रचालनों से राजस्व के लिए

श्रीमती रीता तेवतिया, वाणिज्य सचिव एवं श्री एल सी गोयल, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, आईटीपीओ के समझौता ज्ञापन 2017-2018 पर हस्ताक्षर करने के सुअवसर पर

'उत्कृष्ट' वित्तीय लक्ष्य 228.00 करोड़ रु., प्रचालनों से राजस्व की प्रतिशत के रूप में प्रचालन लाभ/ अधिशेष के लिए 7 प्रतिशत और पी ए टी अथवा अधिशेष/औसत निवल मूल्य 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। पुनर्विकास कार्य के प्रगति पर होने की वजह से कुछ लक्ष्यों को प्राप्त करना कठिन है, लेकिन आपकी कम्पनी 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त करने का अथक प्रयास करेगी।

5. विदेशों में आयोजित मेले

आई टी पी ओ ने वर्ष 2016-17 के दौरान, विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में एकल भारतीय प्रदर्शनियों सहित 26 विदेशी मेलों में भारत की राष्ट्रीय स्तर की भागीदारी आयोजित की। इन 26 मेलों में 5 यूरोप में, 6 अफ्रीका/ घाना में, 3-3 मेले एन ए एफ टी ए, उत्तर अमरीकी मुक्त व्यापार संघ, लैटिन अमरीकी देशों और सार्क देशों में तथा एशियन, सी आई एस और दक्षिण एशिया क्षेत्र प्रत्येक में एक-एक मेले का आयोजन किया गया।

आई टी पी ओ विश्व के प्रमुख मेलों में नियमित रूप से भागीदारी कर रहा है। ये मेले हैं: – एपेक्स - लास वेगास (आटो पार्ट्स), नेशनल हार्डवेयर शो - लास वेगास (हार्डवेयर), एस आई ए एल - पेरिस, समर फेंसी फूड शो - न्यूयार्क, फूडेक्स - सऊदी, (फूड ऐण्ड बेवरेज), मेडिका - डस्सेडार्फ (फार्मास्युटिकल्स), अफ्रीका का बिग सेवन/ साइटैक्स, अफ्रीका हैल्थ (जोहांसवर्ग), ए एफ एल' आर्टिजियानो इन फिएरा - अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, मिलान (इटली)।

'ब्राण्ड इण्डिया' को बढ़ावा देने के लिए 6 (छः) विशिष्ट इण्डिया सोर्सिंग मेले आयोजित किए गए थे, अर्थात् एल ए सी क्षेत्र अर्थात् चिली और पेरु में 2, सार्क क्षेत्र में 3 अर्थात् बंगला देश में 2 और श्रीलंका में 1 (एक) तथा सी आई एस क्षेत्र अर्थात् रूस में 1 (एक) मेले का आयोजन किया गया। आई टी पी ओ ने ओसाका (जापान) में अपने वार्षिक समवर्ती शो अर्थात् भारतीय परिधान मेला और भारतीय होम फर्निशिंग मेले का भी आयोजन किया। आई टी पी ओ दो दर्शकों से अधिक समय से युग्म (ट्विन) शो आयोजित कर रहा है, जिनसे विशिष्ट जापानी बाजार में भारत की ब्राण्ड संबंधी प्रतिष्ठा और उपस्थिति सुनिश्चित हुई है।

वर्ष 2016-17 के दौरान, आई टी पी ओ के माध्यम से इन सभी मेलों में कुल 1073 भारतीय कम्पनियों ने भागीदारी की।

6. भारत में आयोजित मेले

वर्ष 2016-17 के दौरान, आपकी कम्पनी ने भारत में 15 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले/ प्रदर्शनियां आयोजित की। इन मेलों मे से 10 मेले दिल्ली में और 5 अन्य नगरों में आयोजित किए।

भारतीय परिधान मेला और भारतीय गृह फर्नीशिंग मेला, ओसाका, जापान-2016

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2016

वर्ष के दौरान, प्रगति मैदान में आयोजित मेलों में दूसरा भारतीय अंतरराष्ट्रीय फूटवियर मेला, 5-7 अगस्त, 2016; 36वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 14-27 नवम्बर, 2016; 32वां आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला, 07-11 मार्च, 2017; 19वीं भारतीय अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी, 19-21 सितम्बर, 2016; 12वां नक्षत्र, 7-14 जनवरी, 2017 तथा टैक्स स्टाइल्स इंडिया, 21-24 फरवरी, 2017 शामिल थे। पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रदर्शनी को बढ़ावा देने के लिए आठवां ईस्ट हिमालयन मेले का गंगटोक, सिक्किम में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था।

I. प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित प्रमुख मेले

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2016

प्रगति मैदान में 14-27 नवम्बर, 2016 तक 36वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2016 (आईआईटीएफ 2016) आयोजित किया गया। मेले का थीम विषय 'डिजिटल इण्डिया' था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आई टी मंत्रालय, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग, नई दिल्ली के द्वारा थीम पवेलियन की स्थापना की गई थी। इस थीम को सभी राज्यों/ सरकारी पवेलियनों के द्वारा अपने प्रदर्शन में दर्शाया गया था। प्रदर्शनी के दौरान, विभाग ने 14-18 नवम्बर, 2016 तक विभिन्न सेमिनारों का आयोजन किया गया। इस अवधि को विशिष्ट व्यापारिक दिनों के लिए निश्चित किया गया था। भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने मेले का उद्घाटन किया।

दक्षिणी कोरिया भागीदार देश था जबकि बेलारूस फोकस देश था। झारखंड और मध्य प्रदेश भागीदार राज्य थे और हरियाणा इस मेले में फोकस राज्य था। 24 देशों से 285 विदेशी कंपनियों और 7000 से अधिक घरेलू कंपनियों ने मेले में भागीदारी की। विशिष्ट पवेलियनों वाले 27 राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों के अलावा सरकार के 47 विभागों ने इसमें भागीदारी की।

कपार्ट, हुडको, के वी आई सी, एम एस एम ई, सी एस आई आर, ग्रामीण विकास मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के द्वारा लघु मझौले उद्यमों के महत्त्वपूर्ण समूहों की भागीदारी का आयोजन किया गया था। इसके अलावा, एक अलग पेवेलियन में कौशल इण्डिया का आयोजन किया गया तथा आई टी पी ओ ने प्रगति मैदान में अच्छे तरीके से स्वच्छ भारत को बढ़ावा दिया और सर्वश्रेष्ठ राज्य पेवेलियन के लिए इस श्रेणी में एक पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया।

आई आई टी एफ के दौरान प्रगति मैदान के भीतर मोबाइल कनेक्टीविटी को आई टी पी ओ के द्वारा अच्छी तरह से मानीटरिंग किया गया था। टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं जैसे एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया और रिलाएंस, जियो एवं अपर सचिव, दूरसंचार विभाग के साथ रोजाना ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई थी। आई टी पी ओ ने उपयोग हेतु 8 मोबाइल टावर स्थापित किए थे तथा सैलफोन सेवा प्रदाताओं ने इन सभी टावरों में ट्रांसपोण्डर किराए पर लिए थे।

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मेले के दौरान नि:शुल्क पिकअप और ड्रॉप ऑफ सेवा भी प्रदान की गई। इनके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो विशेष लॉज स्थापित किए गए थे। प्रगति मैदान के सभी प्रवेश द्वारों के साथ-साथ इण्डिया गेट और सभी मेट्रो स्टेशनों जैसे प्रगति मैदान, इन्द्रप्रस्थ, आई टी ओ और मंडी हाउस को लिंक करते हुए ड्रॉप ऑन ऐण्ड ड्रॉप ऑफ बस सेवा में बढ़ोतरी की गई थी। पहली बार सामान्य टिकटें ऑन लाइन उपलब्ध करायी गई थीं। दर्शकों के लिए मोबाइल अनुप्रयोगों की सेवाएं, कार्ड-स्विपिंग मशीनों के अलावा भागीदारों/ दर्शकों के लिए ए टी एम और ए टी एम वैनों की सेवाएं भी प्रदान करायी गई थीं। मेले के दौरान, कई चिकित्सा शिविरों/ प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं (एम्बुलेंस सहित) उपलब्ध करायी गई थी। विज्ञापनों का प्रचार करने के लिए एल ई डी स्क्रीन, झण्डे वाले खम्बे, होर्डिंग उपलब्ध कराए गए थे।

64 विदेशी प्रतिनिधि मण्डलों ने भी मेले का दौरा किया जिनमें 464 पर्यटक आए। 14 दिनों के मेले के दौरान लगभग 14 लाख दर्शक मेले में आए जो विश्व में अपने आप में सबसे बड़ा मेला है।

मेला प्रारंभ होने से ठीक एक सप्ताह पहले सरकार द्वारा अधिक करेंसी नोटों के विमुद्रीकरण से मेले की सफलता को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ा। मेले के शुरुआती दिनों में मेले की प्रगति और कारोबार में काफी कमी आयी थी। आई टी पी ओ प्रबंधन ने त्वरित कार्रवाई की और यह दर्शाने के लिए टिकटों के किरायों में संशोधन किया कि वह दर्शकों के साथ है एवं दर्शकों के रुझान (भावना) में सुधार हुआ। ए टी एम सेवाओं एवं स्वेप/ क्रेडिट कार्ड कैशलेस लेन-देनों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख बैंकरों के साथ रोजाना बैठकें आयोजित की गई थीं। आयोजक मंत्रालयों/ एजेंसियों जैसे एम एस एम ई, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, एन एम एफ डी सी तथा कपार्ट को एस बी आई और एक्सिस बैंक, पे टी एम, फ्रीचार्ज आदि से लाभ लेने के लिए प्रचार अभियान चलाया गया था। हैल्प डेस्क चलाने के लिए इन सेवा प्रदाताओं को प्रत्येक हाल में नि:शुल्क स्थान दिया गया था।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, आई आई टी एफ 2016 में 1.4 मिलियन दर्शकों के कम होने की सूचना मिली थी। आई आई टी एफ 2015 में हुई टिकटों की बिक्री में केवल 20 प्रतिशत की कमी आयी।

32वां आहार - अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला, 2017, दिल्ली

आहार, 58,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित की गई जो दक्षिण एशिया में अपनी किस्म की सबसे बड़ी बी 2 बी व्यापारोन्मुख प्रदर्शनियों में से एक है। 32वां आहार मेला 7 से 11 मार्च, 2017 तक प्रगति मैदान परिसर में आयोजित किया गया था। विगत की भांति इस मेले का आयोजन खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एम ओ एफ पी आई), अपेडा एवं अन्य उद्योग संघों की मदद से किया गया।

मेले का उद्घाटन माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने किया। यह मेला मुख्य रूप से तीन श्रेणियों में बांटा गया:- 1. खाद्य उत्पाद और वेबरीज, 2. एफ ऐण्ड बी उपस्कर (तैयार करना/ प्रसंस्करण/ पैकेजिंग), 3. आतिथ्य और डेकोर सोल्यूशन्स। भारतीय क्यूलिनरी फोरम (आई सी एफ) के द्वारा आयोजित क्यूलिनरी प्रतियोगिताएं मेले के आकर्षण का केंद्र थीं।

इस मेले में 17 देशों से 51 विदेशी प्रदर्शकों सहित 1141 प्रदर्शकों ने भागीदारी की। कुल 67472 घरेलू व्यापारी दर्शकों और 24 देशों से 131 अंतरराष्ट्रीय खरीददारों एवं प्रतिनिधि 5 दिनों के दौरान मेले में आये।

मेले का फेसबुक, ट्विटर और यू ट्यूब पर आहार के समर्पित हैण्डल/ लेखों के माध्यम से सोसल मीडिया पर व्यापक रूप से बढ़ावा दिया गया था। व्यापारी दर्शकों के साथ बेहतर विचार-विमर्श करने के लिए एक अद्यतन मोबाइल एप भी शुरू किया गया था।

प्रदर्शनी की अवधि के दौरान 'साथ-साथ काम करें - विधिक/ नीतिगत चुनौती, अवसर और भारतीय आतिथ्य का रोडमैप',

आहार - अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला-2017

'आज के खान-पान में भारतीय खाद्य के इतिहास का प्रभाव', 'आर्गेनिक खाद्य एवं उभरते हुए बाजार अवसरों का समग्र परिदृश्य', 'होटल उद्योग के लिए उपकरणों की आपूर्ति और सम्बंधित मामलों' आदि जैसे अलग-अलग किस्म के व्यापार विषयों पर 8 सेमिनार आयोजित किए गए।

22वां दिल्ली पुस्तक मेला, 2016

इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 27 अगस्त से 4 सितंबर, 2016 के दौरान 22वां दिल्ली पुस्तक मेला आयोजित किया। मेले का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स के सहयोग से किया गया था।

दिल्ली पुस्तक मेले का उद्घाटन डॉ. हर्षवर्धन, माननीय मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं भू-विज्ञान मंत्रालय के द्वारा 27 अगस्त, 2016 को किया गया था। मेक इन इण्डिया, क्लीन इण्डिया - स्वच्छ भारत अभियान, डिजीटल इण्डिया, स्किल इण्डिया, स्टैण्ड-अप-इण्डिया, स्मार्ट सिटी, स्टार्ट अप इण्डिया और उमंग (यूनिफाइड मोबाइल एप फार न्यू-एज गवर्नेंस) के बारे में सेल्फी स्टेशनों को दर्शाने वाले थीम पेवेलियन के हाल 8 में स्थापना की गई थी।

22वें दिल्ली पुस्तक मेले के दौरान, लगभग 40 सेमिनार/ कार्यशालाएं/ पुस्तक विमोचन समारोह/ लेखक कॉर्नर/ बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। स्थान पर ही पेंटिंग प्रतियोगिताएं, कहानी सुनाने, स्ट्रीट प्ले आदि सहित कई नए कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा 'सर्व शिक्षा अभियान' से सम्बंधित सरकारी नीति को बढ़ावा दिया गया। पहचान पत्र रखने वाले छात्रों को मेले में नि:शुल्क प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

18वां स्टेशनरी/ कार्यालय ऑटोमेशन और कारपोरेट उपहार मेला, 2016

दिल्ली पुस्तक मेले 2016 के साथ-साथ इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने हाल 12-ए, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 27 अगस्त से 4 सितंबर, 2016 तक 18वां लेखन सामग्री, कार्यालय आटोमेशन तथा कारपोरेट उपहार का 18वां मेला आयोजित किया। लेखन सामग्री, उपहार की मदों, कार्यालय आटोमेशन में सम्पूर्ण भारत की अग्रणी कम्पनियों ने इस मेले में भाग लिया। यह मेला लेखन सामग्री मदों, कार्यालय आटोमेशन उपस्कर तथा कारपोरेट उपहार सामग्रियों को प्राप्त करने का एक स्रोत साबित हुआ है।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी 2016

आई टी पी ओ द्वारा दिनांक 19-21 सितम्बर, 2016 के दौरान

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी–2016

गृह मंत्रालय, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारतीय सुरक्षा संवर्धन समूह के (एस. पी. जी. आई.), पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बी पी आर ऐण्ड डी) सह-आयोजकों की सहायता से भारतीय अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी (आई आई एस ई) 2016 की 19वीं कड़ी का आयोजन किया गया। 70 कम्पनियों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। मेले का थीम 'मेक इन इण्डिया' अभियान था। नए और युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से आई टी पी ओ ने इस मेले में उनके लिए निर्धारित किराए से 50 प्रतिशत कम किराए पर स्टाल दिए थे। मेले को अधिक सार्थक बनाने के लिए प्रासंगिक रुचि के विषय पर सेमिनारों/ प्रदर्शनी की अवधि के दौरान आयोजित करना भी निर्धारित था। आई टी पी ओ ने इस वर्ष विशिष्ट 'मेक इन इण्डिया' सेक्शन शुरू किया है जिसमें स्वदेशी उत्पादों को नि:शुल्क प्रदर्शित करने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

टैक्स स्टाइल्स इण्डिया, दिल्ली

प्रगति मैदान में दिनांक 21-24 फरवरी, 2017 तक टैक्स स्टाइल्स इण्डिया की 18वीं कड़ी का आयोजन किया गया। टैक्स स्टाइल्स इण्डिया की प्रदर्शनी प्रोफाइल में वस्त्र उद्योग की पूरी आपूर्ति श्रृंखला है, जिसमें धागे से लेकर प्रसंस्कृत उत्पादों तथा टेक्सटाइल मशीनरी शामिल हैं।

वर्ष 2017 की कड़ी का आयोजन समग्र वस्त्र समूह क्षेत्र से 70 कंपनियों ने साथ मिलकर भागीदारी की। इस प्रदर्शनी में करीब 1000 व्यापारी दर्शक आये, जिनमें 50 विदेशी व्यापारी दर्शक शामिल थे और जिनमें आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, चीन, जापान, श्रीलंका, तुर्की, यू के, यू एस ए के क्रेता एजेन्ट शामिल थे।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फुटवीयर मेला 2016, दिल्ली

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फुटवेयर मेला (आईआईएफएफ) की द्वितीय कड़ी का आयोजन दिनांक 05-07 अगस्त, 2016 तक हाल सं. 14 और 18 में प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। इस मेले को भारतीय फुटवीयर उद्योग संघ (सीआईएफआई) द्वारा सह-प्रायोजित किया गया था।

श्री अरुण जेटली, माननीय वित्त मंत्री व श्रीमती रीता तेवतिया, वाणिज्य सचिव ने दिनांक 05 अगस्त, 2016 को मेले का उद्घाटन किया।

आई आई एफ एफ, दिल्ली 2016 मेला 6550 वर्गमीटर क्षेत्र में लगाया गया था। मेले में 263 प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिनमें 103 विदेशी प्रदर्शक (मुख्यत: ब्राजील, चीन, ईरान, इटली और ताइवान) थे। आईआईएफएफ ने फुटवेयर और संबंधित क्षेत्र



भारतीय अन्तरराष्ट्रीय फुटवीयर मेला, दिल्ली, 2016

से संबंधित वस्तुओं के क्रेताओं और विक्रेताओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराने के लिए अपनी अग्रणी स्थिति बरकरार रखी। इस मेले में चमड़ा उद्योग से संबंधित फुटवीयर, सिंथेटिक सामग्री, जूते संगठक, मशीनरी एवं उपकरण, रसायन और सॉफ्टवेयर से संबंधित उत्पादों और सेवाओं का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया। इसमें 11592 व्यापारी दर्शक पधारे, जिनमें 18 देशों से 72 विदेशी व्यापारी दर्शक आये थे। इनमें चीन, दुबई, नेपाल, थाईलैण्ड, सऊदी अरब, बंगला देश, आयरलैण्ड, तंजानिया, हांगकांग, कनाडा, इटली और श्रीलंका के दर्शक थे।

II. दिल्ली से बाहर आयोजित मेले

भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (आई आई एल एफ), 2017, चेन्नई

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) ने दिनांक 1-3 फरवरी, 2017 तक चेन्नई में भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (आई आई एल एफ) की 32वीं कड़ी का आयोजन किया। यह मेला चमड़ा निर्यात परिषद् (सी एल ई), केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सी एल आर आई), भारतीय जूता संघ (आई एस एफ), भारतीय प्रसंस्कृत चमड़ा निर्माता और निर्यातक संघ (आईएफएलएमईए), फुटवियर डिजाइन एवं विकास संस्थान (एफ डी डी आई) तथा भारतीय फुटवीयर सामान निर्माता संघ (आईएफसीओएमए) के घनिष्ठ सहयोग से आयोजित किया गया था।

श्री के. सी. करुपनान, माननीय पर्यावरण मंत्री, तमिलनाडु ने 31 जनवरी, 2017 को मेले का उद्घाटन किया। यह मेला 1 से 3 फरवरी, 2017 तक व्यापारियों के लिए खुला था।

आई आई एल एफ चेन्नई के 32वां मेला 9581 वर्गमीटर के निवल क्षेत्र (लगभग 20,000 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल) में लगाया गया था। इस मेले में 436 प्रदर्शकों ने भागीदारी की, जिनमें 25 देशों के 136 विदेशी भागीदार भी शामिल थे। इन देशों में थे - अंडौरा, आस्ट्रेलिया, बंगला देश, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, केन्या, लिथूवानिया, न्यूजीलैण्ड, पुर्तगाल, रूस, सऊदी अरब, स्पेन, श्रीलंका, स्विटजरलैण्ड, ताईवान, तंजानिया, थाइलैण्ड, नीदरलैण्ड, तुर्की, युगांडा, संयुक्त अरब

पूर्वी हिमालयन प्रदर्शनी, गंगटोक, सिक्किम–2016

अमीरात, यू के, चीन के भागीदार समूह, ब्राजील, जर्मनी, इटली और इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर (संयुक्त राष्ट्र संघ) एक विशेष आकर्षण था। मेले में 12,630 पंजीकृत व्यापारी दर्शक आए, जिनमें 59 देशों से 415 विदेशी आगंतुक आए। आईआईएलएफ, चेन्नई, 2017 का दौरा करने वाले आगंतुकों की कुल संख्या में 2016 की कड़ी के मुकाबले 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

22वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला (आई आई एल जी एफ), 2017, कोलकाता

भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला (आई आई एल जी एफ) एक बी2बी मेला है, जिसका उद्देश्य भारत से विशेषकर पश्चिम बंगाल से चमड़े की वस्तुओं और परिष्कृत चमड़े के निर्यात को बढ़ावा देना है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला की 22वीं कड़ी का सफलतापूर्वक आयोजन मिलन मेला परिसर, कोलकाता में 26 से 28 मार्च, 2017 के दौरान इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) के द्वारा किया गया था। आई आई एल एफ का सक्रिय रूप से समर्थन भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ (आई एल पी ए), चमड़ा निर्यात परिषद (सी एल ई) और पश्चिम बंगाल सरकार का था। मेले का उद्घाटन डॉ. अमित मित्रा, माननीय वित्त, बड़े उद्योग और उद्यम मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा 26 फरवरी, 2017 को किया गया था।

लगभग 35 विदेशी व्यापारी दर्शक आई आई एल एफ कोलकाता 2017 में आए। सम्पूर्ण भारत से लगभग 2000 घरेलू दर्शक भी मेले में आए। चमड़े के विभिन्न क्षेत्रों के संघटकों सहित लगभग 63 प्रमुख कम्पनियों ने मेले में अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। यह प्रदर्शनी हाल 1 और 2 में 930 वर्गमीटर के क्षेत्र में लगायी गयी।

मेला प्रदर्शकों में संबद्ध क्षेत्र जैसे रसायन, मशीनरी और उपकरणों के निर्यातक, विनिर्माता और कम्पनियां सम्मिलित थीं। लगभग 95 प्रतिशत प्रदर्शकों ने आगामी मेले में पुनः भागीदारी करने के लिए अपनी इच्छा प्रकट की।

8वीं ईस्ट हिमालयन प्रदर्शनी, 2016, गंगटोक, सिक्किम

8वीं ईस्ट हिमालयन प्रदर्शनी, 2016 का आयोजन गंगटोक, सिक्किम में दिनांक 16–25 दिसंबर, 2016 तक किया गया। इस मेले का सह–आयोजन डोनर मंत्रालय ने किया और सिक्किम सरकार के द्वारा सक्रिय रूप से समर्थन दिया। श्री उगेन टी ग्यात्सो, माननीय पर्यटन, नागर विमान और वाणिज्य

एवं उद्योग मंत्री, सिक्किम सरकार ने 17 दिसम्बर, 2016 को मेले का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में प्रमुख भागीदारों में डोनर मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, के वी आई सी, पूर्वोत्तर, हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड, सिक्किम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, आयुष मंत्रालय, केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान (योग और प्राकृतिक चिकित्सा) अनुसंधान परिषद तथा राष्ट्रीय होम्पोपैथी संस्थान इत्यादि शामिल थे। भारत सरकार की एक्ट ईस्ट पालिसी के परिप्रेक्ष्य में आई टी पी ओ ने 8वां पूर्वी हिमालयन प्रदर्शनी 2016 आयोजित करके गंगटोक में यह प्रयास किया था। थाइलैण्ड की रॉयल एम्बेंसी ने इस मेले में भागीदारी की थी।

टेक्स-स्टाइल्स इण्डिया, कोलकाता

प्रथम टेक्सटाइल्स इण्डिया, कोलकाता प्रदर्शनी का दिनांक 26 से 28 फरवरी, 2017 तक कोलकाता के मिलन मेला परिसर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। टेक्स-स्टाइल्स इण्डिया का आयोजन वस्त्र विभाग और एम एस एम ई, पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया गया था। इसका उद्देश्य व्यापार संवर्धन के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा पूर्वी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करना था। मेले का उद्घाटन डॉ. अमित मित्रा, माननीय वित्त, बड़े उद्योग और उद्यम मंत्री, पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा 26 फरवरी, 2017 को किया गया था। इस मेले में 17 कम्पनियों ने भागीदारी की तथा इन्होंने शुद्ध रेशम, मिलावटी रेशम दिए लक्वायर फेब्रिक, हथकरघा उत्पाद, जूट एवं जूट के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

आहार - अंतरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला, 2016, चेन्नई

आहार - अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला, चेन्नई का आयोजन 15 से 17 सितम्बर, 2016 तक किया गया था और यह 4400 वर्गमीटर क्षेत्र पर लगाया गया। इस मेले में 117 भागीदार थे और इसका उद्घाटन श्री प्रदीप यादव, आई ए एस, प्रधान सचिव, खाद्य, सिविल आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग, तमिलनाडु सरकार के साथ श्रीमती शुभ्रा सिंह आई ए एस, कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ के द्वारा किया गया था।

मेले का समर्थन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एम ओ एफ पी आई) और कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) के द्वारा किया गया था। इस मेले के सहायक भारतीय खाद्य एवं आतिथ्य समर्थन एसोसिएशन (एफएचएसएआई), भारतीय आतिथ्य उद्योग (आर्ची) हेतु एसोसिएशन आफ रिसोर्स कम्पनी, अखिल भारतीय खाद्य प्रसंस्करण एसोसिएशन (एआईएफपीए), भारतीय होटल एवं रेस्तरां निर्माता संघ (हाट्रेमाई), दक्षिण भारतीय होटल एवं रेस्तरां संघ (एसआईएचआरए) थे। आहार चेन्नई के दौरान, पहली बार मै. फारएवर न्यूज के द्वारा दैनिक घटनाओं की रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। मेले का ऑन लाइन मीडिया साझीदार मै. वीवाहोरेका टी वी था जिसने सम्पूर्ण मेले की कवरेज की थी और ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक आदि के माध्यम से मेले का प्रचार किया था। वीवाहोरेका टी वी ने आहार चेन्नई, 2016 में एक बहुत ही सफल सोशल मीडिया विपणन पहल का आयोजन किया था।

III. प्रगति मैदान, नई दिल्ली में अन्य आयोजकों द्वारा आयोजित मेले

आई टी पी ओ द्वारा अन्य भागीदारों/ आयोजकों को प्रगति मैदान में विशिष्ट और सामान्य व्यापार मेलों/ प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए लाइसेंस फीस का भुगतान करने पर प्रदर्शनी हॉल तथा सम्मेलन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान, प्रगति मैदान में 86 आयोजन/ प्रदर्शनियों का आयोजन अन्य आयोजकों द्वारा किया गया। इनमें से 11 नई प्रदर्शनियों का आयोजन पहली बार किए गए।

वर्ष के दौरान, आयोजित प्रसिद्ध आयोजनों में पावरजेन इण्डिया, एम्बायंट/ हिम टेक्सटाइल इण्डिया, इण्डिया वेयर हाउसिंग शो, इण्डिया इंटरनेशनल गारमेंट मेला, स्मार्टकार्ड एक्सपो, दिल्ली ज्वैलरी तथा जेम शो, फ्रेंचाइजी इण्डिया, एलईडी एक्सपो, पेपरएक्स, आईएफएसईसी, एसएटीटीई, ईटी एकटेक इण्डिया इत्यादि शामिल थे। प्रथम ब्रिक्स व्यापार मेले का आयोजन दिनांक 12 से 14 अक्तूबर, 2016 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया था। ब्रिक्स व्यापार मेला पूरी तरह से परस्पर बातचीत व्यापार विनियोजन था और इसके आयोजन का उद्देश्य भागीदार ब्रिक्स राष्ट्रों अर्थात् ब्राजील, रूस, भारत, चीन

और दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापार एवं निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना था। अभिज्ञात क्षेत्रों में ब्रिक्स की प्रत्येक की क्षमता को दर्शाने के लिए ब्रिक्स व्यापार मेले में 397 कम्पनियों ने भाग लिया। लगभग 910 कम्पनियों ने विभिन्न ब्रिक्स व्यापार विनियोजनों में भाग लिया और लगभग 1601 बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) बैठकें तीन दिनों में हुई थी। प्रौद्योगिकियों, वस्तुओं और सेवाओं का प्रदर्शन करने, व्यापार के लिए अवसरों का पता लगाने तथा संयुक्त उद्यम साझेदारियों एवं सहयोगों के लिए अन्य बिजनेस-टू-बिजनेस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों की भांति ब्रिक्स व्यापार मेला एक अनूठा मंच था।

वर्ष के दौरान, प्रगति मैदान में आयोजित किए गए नए कुछ मेलों/ प्रदर्शनियों में बी. वी. टेक एक्सपो, प्राइड ऑफ चीन, इण्डिया वैडिंग शो, हेल्थ टेक, ट्राइबल कार्निवल, इण्डिया मोबाइल फोन दिवाली, यूरोपियन हायर एजूकेशन फेयर, सी एस आर कानक्लेव, स्किल इण्डिया सप्ताह, टायर एक्सपो, छठा कोयला समिट और इण्डिया गेमिंग शो इत्यादि शामिल थे।

7. सभी हितधारकों के लिए विभिन्न घटकों में किए गए पहल, प्रयास और सुधार

वर्ष के दौरान, आई टी पी ओ की अवसंरचना क्षमता और सेवा सुपुर्दगी में सुधार लाने और उनको बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण पहले की गई हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

❑ **व्यापार करने को सरल बनाने के लिए ई-एनेबलमेंट :**

- आई आई टी एफ और नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के लिए टिकटों की ऑन-लाइन बुकिंग का कार्यान्वयन
- घरेलू मेलों के लिए ऑनलाइन स्थान की बुकिंग प्रणाली
- जी ई एम एस से ई-खरीद/ ई-निविदा शुरू की गई
- आई टी पी ओ के घरेलू मेलों के लिएं मोबाइल एप शुरू किया गया।
- ई-भुगतान/ ई-वापसी शुरू की गई है
- सभी ए सी हालों में वाई-फाई सुविधा
- सोशल मीडिया-फेसबुक, ट्विटर और यू-ट्यूब का उपयोग
- बेहतर नेटवर्क कनेक्टीविटी के लिए 7 नए टेलीकाम टावर लगाए गए।
- आई टी पी ओ का व्यापक मोबाइल एप अंतिम चरण में है।

❑ **ग्राहक अनुकूल उपाय**

- तीसरे पक्षकार के मेलों के दौरान 'हेल्प डेस्क' लागू करना।
- स्टार्ट-अप्स के लिए आई टी पी ओ के मेलों में 50 प्रतिशत छूट।
- भागीदारों/ आयोजकों के साथ नियमित विचार-विमर्श।
- तीसरे पक्षकार के मेलों के लिए ऑन-लाइन स्थान की बुकिंग करना विचाराधीन है।

8. आई ई सी सी परियोजना

आई टी पी ओ प्रगति मैदान, नई दिल्ली में एक विश्वस्तरीय प्रतिष्ठित समेकित प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन परिसर (आईईसीसी) की स्थापना कर रहा है। प्रस्तावित केंद्र में राष्ट्रों के बीच भारत के आर्थिक, राजनैतिक और सामरिक महत्त्व के अनुकूल विश्वस्तरीय सम्मेलन सुविधाएं होंगी। प्रस्तावित अवसंरचना से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली में एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन, आयोजन) की जरूरतों की पूर्ति होने की संभावना है। आशा की जाती है कि इससे देश के विदेशी मुद्रा अर्जन और दिल्ली के सेवा कारोबार क्षेत्र के राजस्व में पर्याप्त वृद्धि होगी क्योंकि एमआईसीई क्षेत्र में कई आयोजन पूर्वी एशियाई देशों और विश्व के अन्य देशों से नई दिल्ली में स्थानांतरित हो सकते हैं।

परियोजना प्रस्ताव में चरण-। में 1,51,687 वर्ग मी. प्रदर्शनी स्थल सहित कुल निर्मित क्षेत्र का 3,82,188 वर्ग मी. विकास शामिल है।

सम्मेलन केन्द्र विश्व की सबसे अच्छी स्टेट आफ दि आर्ट ऐतिहासिक संरचना का होगा और यह सिंगल फार्मेट में (3000) पैक्स क्षमता के एक प्लेनरी हॉल और 4000 पैक्स क्षमता के एक कार्यात्मक हॉल सहित) 7000 पैक्स सीटिंग क्षमता का होगा और इसमें बैठक हॉल, लाउंज, सेवाएं और करीब 4800 पेसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) के लिए भूमिगत पार्किंग स्थल जैसी विभिन्न संबद्ध सुविधाएं होंगी। आई ई सी सी तक बेहतर पहुंच हेतु तथा सामान्य जनता के लाभ के लिए यातायात के जाम के समाधान हेतु व्यापक माध्यमों का भी प्रस्ताव किया गया है। अनिवार्य तौर पर मथुरा रोड/ पुराना किला रोड को प्रगति मैदान और मथुरा रोड को सिंगल फ्री बनाने के लिए 6 लेन की बंटी सुरंग के जरिए रिंग रोड से जोड़ा जाएगा।

आर्थिक कार्यों से संबंधित मंत्रिमंडल समिति (सी सी ई ए) ने 2254 करोड़ रु. की अनुमानित परियोजना लागत पर आई ई सी सी परियोजना को जनवरी, 2017 में अनुमोदित किया था। आई टी पी ओ, परियोजना के फण्डिंग के लिए अपने फ्री रिजर्व में से 1200 करोड़ रु. का उपयोग करेगा और परियोजना की शेष धनराशि के लिए संस्थानात्मक ऋण/ सरल ऋण/ बाहरी सहायता और/ या होटल हेतु भूमि के मुद्रीकरण की व्यवस्था करेगा।

राष्ट्रीय भवन विनिर्माण निगम लिमिटेड (एन बी सी सी) परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता के रूप में कार्य कर रहा है। वैश्विक निविदा के आधार पर परियोजना का विनिर्माण करने के लिए परियोजना निष्पादक के रूप में शापूर्जी पालौनजी का चयन किया गया है।

9. व्यापार प्रतिनिधि मण्डल

व्यापार संवर्धन प्रयासों में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए आई टी पी ओ के द्वारा आयोजित अप्रैल 2016 से मार्च 2017 तक आयोजित किए गए विभिन्न व्यापार मेलों में कुल 655 व्यापारी दर्शकों ने भाग लिया। मुख्य प्रतिनिधि मंडल में श्रीलंका से आए 30 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शामिल था, जिसने हस्तशिल्प और वस्त्रों में रुचि दिखायी। वस्त्र, हैण्डलूम, हस्तशिल्प, आभूषण आदि के लिए वियतनाम से आये 28 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल, नारियल, बांस, चीनी उत्पादों और संसाधित मशीनरी, सौर ऊर्जा उत्पादों, जलविद्युत (हाइड्रो) पम्पों, पवन ऊर्जा और छोटी बेकिंग मशीनरी को प्राप्त करने के इच्छुक सूरीनाम से आए 12 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केरल और असम पेवेलियन का दौरा किया। बहु-उत्पादों के लिए नेरौबी से आये 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रमुख था।

10. अन्य व्यापार संवर्धन संगठनों के साथ सहयोग

आई टी पी ओ बहुत पहले से ही एशियाई व्यापार संवर्धन मंच (ए टी पी एफ) में बहुत ही सक्रियता के साथ भाग लेता रहा है। यह व्यापार संवर्धन संगठनों का समूह है। ए टी पी एफ की सभी गतिविधियों का समन्वय जापान विदेश व्यापार संगठन (जेईटीआरओ) करता है। आई टी पी ओ इण्डिया कंवेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आई सी पी बी) द्वारा आयोजित गतिविधियों में भी भाग लेता है।

आई टी पी ओ प्रदर्शनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बने एक संगठन, यू एफ आई - प्रदर्शनी उद्योग का वैश्विक संघ, फ्रांस का सदस्य बन गया है।

आई टी पी ओ वर्ष 2017-18 के लिए इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एग्जीविशन ऐण्ड इवेंट (आई ए ई ई), यू एस ए का सदस्य बन गया है। आई ए ई ई प्रदर्शनियों एवं अन्य मेलों के विशिष्ट महत्व को बढ़ावा देता है, जिनसे क्रेताओं और विक्रेताओं को एक साथ लाया जाता है, इन मेलों में रोड शो, प्रदर्शनी संघटक के साथ सम्मेलन और प्रोपराइटरी कारपोरेट प्रदर्शनियां आदि शामिल हैं।

11. व्यापार सूचना संबंधी गतिविधियां

आई टी पी ओ सदस्यों के रूप में पंजीकृत निर्यातकों को सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करता है। इन सेवाओं में विदेशों में भारतीय मिशनों तथा विदेशी आयातकों से सीधे ही प्राप्त व्यापार संबंधी पूछताछ तथा आई टी पी ओ द्वारा आयोजित मेलों तथा प्रदर्शनियों में प्रतिनिधि मंडलों के साथ बैठकों की व्यवस्था करना शामिल है। इण्डियन एक्सपोर्ट बुलेटिन में देशी तथा उत्पादों के विषय में व्यापार सूचना आई टी पी ओ द्वारा देश तथा विदेश में आयोजित व्यापार मेलों/ प्रदर्शनियों और विदेशी निविदाओं के संबंध में और व्यापार मेले संबंधी जानकारी तथा प्रगति मैदान में आयोजित तृतीय पक्षकार मेलों संबंधी जानकारी भी प्रकाशित की जाती है।

भारतीय निर्यातकों और विदेशी क्रेताओं को विश्वसनीय व्यापार संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए आई टी पी ओ ने व्यापार सूचना केन्द्र और ट्रेड पोर्टल www.tradeportalofindia.org शुरू किया है, जो यूरोपीय संघ के 27 देशों सहित 102 देशों की सूचना प्रदान करता है।

आई टी पी ओ के सदस्यों के लिए सुविधाओं में बहुत ही महत्त्वपूर्ण उपकरण केओएमपीएएसएस (कोम्पास) डाटाबेस ऑनलाइन रूप से सुलभ है, जिसमें 66 से अधिक देशों के संबंध में निर्माताओं/ आयातकों/ निर्यातकों/ एजेंटों/ विभागीय स्टोरों/ वितरकों/ थोक विक्रेताओं/ ट्रेडरों के विवरण दिए गए हैं। 'कोम्पास' में 50 लाख कंपनियों का डाटाबेस खोजा जा सकता है और तकरीबन 58,000 उत्पाद और सेवा श्रेणियां वर्गीकृत की गई हैं।

आईआईटीएफ-2016 के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम

12. सांस्कृतिक कार्यकलाप

आई टी पी ओ हर वर्ष आई आई टी एफ के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों का आयोजन कर रहा है। सांस्कृतिक प्रभाग ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2016 को सांस्कृतिक आयाम उपलब्ध कराने के व्यापक प्रयास किए जिनसे संस्कृति, रंग और साज-सज्जा अत्यधिक होने से मनोरंजनयुक्त वातावरण बन गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मणिपुर, केरल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तेलंगाना, असम, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, पुंडुचेरी, आंध प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा महाराष्ट्र राज्य के दिवसों का लाल चौक थिएटर में आयोजन किया गया था जबकि पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, ओडिशा, झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के राज्य दिवसों का आयोजन हंसध्वनि थिएटर में आयोजन किया गया था।

हंसध्वनि थिएटर में आई टी पी ओ के सहयोग से दिल्ली निर्यातक संघ के द्वारा कोरियन कल्चर शो 'स्वामी विवेकानंद' के जीवन पर थिएटर नाटक, के वी आई सी के द्वारा खादी परिधान उत्सव, हास्य कवि सम्मेलन सबसे अधिक सराहनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम थे। 19 नवम्बर, 2016 से रोजाना शाकुन्तलम कन्वेंशन सेंटर में कुचीपुड़ी नृत्य से लेकर 'पखवाज' तक के अभिनयों का बहुत ही अच्छा मिश्रण देखने को मिला। इनमें कुचीपुड़ी नृत्य, कथक नृत्य, शास्त्रीय संगीत, संतूर संगीत, ओडिशी नृत्य, मोहिनीअट्टम नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य और पखवाज संगीत समारोह शामिल थे।

फलकनुमा थिएटर में पौराणिक और होनहार कलाकारों के गुंजायमान अभिनय से स्थल पूरी तरह से भरा हुआ था। इनमें कब्बाली (शाहिद नियाज), भजन (सखा क्रिएशन), लोक गीत (रुचि अनुराग तायलोंग), गीत गजल (निजामी खान), ब्रज रासलीला (प्रतिभा शर्मा), सूफी भजन (सुरेन्द्र सागर) और गीत गजल (पदमा गिडवानी) शामिल थे। मेले में सामाजिक मुद्दों और विषयों को उजागर करते हुए नुक्कड़ नाटक भी होते हैं। ऐतिहासिक चौक पर रोजाना व्यक्तिगत और ग्रुप (समूह) अभिनय होते हैं। निष्ठा सांस्कृतिक मंच, हिमालय आर्ट्स, एक्शन ड्रामा क्रिएशन्स, रंगकर्मी नाट्य मंच, डॉ. एस. एन. सुब्बाराव फाउन्डेशन, जागड़ नाट्य मंच, राम-श्याम आर्ट वेलफेयर, नितिन कुमार, जादू कला ट्रस्ट, लिविंग थिएटर, सारंगा आर्ट्स ऐण्ड दीप ग्रुप के अभिनय कार्यक्रम रोजाना होते थे। आई टी पी ओ ने लाल चौक और हंसध्वनि थिएटरों में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के वेबकास्ट की व्यवस्था भी की थी,

जिसकी वजह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई।

13. कारपोरेट संचार

वर्ष 2016-17 के दौरान, कारपोरेट संचार सेवा प्रभाग ने भारत और विदेश में आई टी पी ओ ने मेला संवर्धनात्मक बैक-अप उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास किए थे। इसके अलावा, प्रभाग ने संगठन की अधिकतम दृश्यता, धारणा (प्रतिकृति) निर्माण और ख्याति विस्तार सुनिश्चित करने के भी प्रयास किए थे। प्रदर्शनियों में भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान के बारे में जोर दिया गया था। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के सार्थक चर्चा के माध्यम से व्यापक प्रचार प्राप्त हुआ था।

14. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अपनाना

भारत सरकार के 'डिजीटल इण्डिया' अभियान के अनुरूप आई टी पी ओ में ई-गवर्नेंस पहलों को प्रदर्शकों/ दर्शनार्थियों-सेन्ट्रिक सेवाओं में पारदर्शिता और डिजीटेशन को बढ़ाने पर बल देने के साथ-साथ वर्ष 2016-17 में व्यापक रूप से लागू किया गया था। जारी ई-गवर्नेंस परियोजनाओं और कुछ नई परियोजनाओं को परिवर्तन के मुख्य सिद्धांतों के अनुरूप सुधार/ कार्यान्वित किया गया था।

आई टी पी ओ के द्वारा प्रगति मैदान में आयोजित किए जा रहे घरेलू मेलों के लिए ऑन लाइन स्थान बुकिंग प्रणाली में सुधार किया गया था और भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आई आई टी एफ) नवम्बर 2016 के दौरान पहली बार ऑनलाइन भुगतान करने का प्रावधान किया गया था, जिसको अन्य मेलों के लिए भी बाद में स्वीकार किया गया है।

आई आई टी एफ नवम्बर 2016 के दौरान प्रवेश टिकटों की बुकिंग करने के लिए ऑनलाइन सिस्टम पहली बार शुरू किया गया था। इससे प्रगति मैदान तक दर्शकों को आसानी से अपने स्थान से टिकटों की आसानी से बुकिंग कराने की व्यवस्था की गई।

प्रमुख प्रदर्शनी हालों (प्रगति मैदान के) और उनके आस-पास क्षेत्रों को वाई-फाई किया गया था, लीज्ड लाइन सेवाओं की सुविधाओं और वाई-फाई इंटरनेट कनेक्टीविटी की व्यवस्था की गई थी। ये सुविधाएं प्रदर्शनी आयोजकों के लिए पूरे वर्ष उपलब्ध होती हैं। इस परियोजना को आई टी पी ओ से पूंजीगत व्यय न होने के साथ राजस्व बंटवारे के मॉडल पर कार्यान्वित किया गया था तथा यह परियोजनाएं आई टी पी ओ के लिए राजस्व सृजन का एक स्रोत भी हैं।

विभिन्न घरेलू मेलों के लिए मोबाइल एप और विशिष्ट वेबसाइट का विकास वर्ष 2016-17 में जारी था।

15. प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास

वर्ष 2016-17 के दौरान, 9 भर्तियां की गई और 154 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया तथा 58 कर्मचारियों को प्रोत्साहित सुनिश्चित सेवा प्रोन्नति योजना (आई ए सी पी एस) के अन्तर्गत व्यक्तिगत ग्रेड उन्नयन दिया गया। 12 युवा व्यावसायिकों को एक वर्ष की अवधि के लिए नियोजित किया गया था।

आई टी पी ओ में आरक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के हितों को देखने के लिए सम्पर्क अधिकारियों को नामित किया गया है। प्रत्येक विभागीय पदोन्नति समिति/ चयन की बैठकों में इन वर्गों के उम्मीदवारों के हितों पर ध्यान देने के लिए अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के उचित स्तर के अधिकारी को शामिल किया जाता है। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए (समान अवसर एवं अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 में अन्तर्विष्ट दिव्यांग व्यक्तियों को पदों/ सेवाओं में आरक्षण देने संबंधी उपबंधों का अनुपालन किया गया। कल्याण स्तर सभी पात्र कर्मचारियों को 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, एक माह के मूल वेतन + डी.ए. के 25 प्रतिशत के समान एक विशेष ब्याज मुक्त धनराशि अग्रिम दी गई।

कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं सुधार) अधिनियम के अंतर्गत कोई शिकायत नहीं पाई गई। वी आर एस योजना 2016-17 को 31.12.2016 से बंद कर दिया था।

सेवानिवृत्ति लाभों, पेंशन स्कीम के संबंध में डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार आई टी पी ओ के कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना को वाणिज्य विभाग द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रस्तावित योजना 01.01.2007 से प्रभावी होगी और आई टी पी ओ से अंशदान मूल वेतन + डी. ए. का 7 प्रतिशत की

दर से होगा। पेंशन स्कीम का कार्यान्वयन प्रक्रिया अधीन है।

भारत सरकार की आरक्षण नीति:

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित नियुक्ति/ पदोन्नति के विषय में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कुल 9 नियुक्तियां की गईं जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

	अ. जा.	अ. ज. जा.	अ. पि. व.	अनारक्षित	कुल
समूह 'क'	-	-	-	05	05
समूह 'ग'	01	-	01	02	04

वर्ष के दौरान, 154 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई। इनमें 27 अनुसूचित जाति, 06 अनुसूचित जनजाति और 09 अन्य पिछड़ा वर्ग के थे। ऐसे मामलों में जिनमें आरक्षित श्रेणी के पात्र कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, उन पदों को आगे ले जाया गया। कनिष्ठ सहायक के 5 एस. सी. पदों तथा सहायक लेखा के 4 अ. पि. व. पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

16. इंजीनियरिंग सेवाएं (वास्तुशिल्पीय, सिविल, विद्युत, ए वी और कंजर्वेंसी तथा स्वच्छता)

इंजीनियरिंग प्रभाग प्रगति मैदान में और आई टी पी ओ द्वारा दिल्ली से बाहर अन्य मेलों में प्रदर्शनियों/ मेलों/ सम्मेलनों के आयोजन के लिए अपेक्षित सभी अवसंरचना सुविधाओं के लिए एक एकल समाधान केंद्र प्रदान करता है और आई टी पी ओ के अलावा अन्य संगठनों द्वारा आयोजित मेलों के लिए सभी स्थल बुनियादी सेवाएं प्रदान करता है। इंजीनियरिंग प्रभाग की बागवानी को छोड़कर सभी सेवाओं तथा विद्युत के कुछ भाग के लिए, जिनमें आई टी पी ओ की सहायता सी पी डब्ल्यू डी के द्वारा की जाती है, उनका रख-रखाव करने के लिए इंजीनियरों (सिविल और विद्युत) और वास्तुकारों की एक पूर्ण एवं आत्मनिर्भर टीम है।

इंजीनियरी प्रभाग की वास्तुशिल्पीय शाखा ने निम्नलिखित सेवाएं प्रदान कीं

- वास्तुशिल्पीय प्रभाग दिल्ली और अन्य क्षेत्रीय केन्द्रों में आयोजित की जाने वाली आई टी पी ओ की सभी प्रदर्शनियों के लिए मापक चित्र (ले-आउट प्लान) तैयार करता है। आई टी पी ओ के विदेशी मेलों/ प्रदर्शनियों के लिए भी मापक चित्र/ ड्राईंग तैयार करता है। सभी थर्ड पार्टी प्रदर्शनियों के ले-आउट प्लानों की समीक्षा की जाती है एवं जरूरत पड़ने पर दर्शकों की सुरक्षा को देखते हुए उनमें संशोधन किये जाते हैं। वास्तुकीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण किया जाता है।

प्रगति मैदान में विद्यमान अवसंरचना में परिवर्धन/ परिवर्तन

- प्रगति मैदान को एक एकीकृत प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आई ई सी सी) बनाने के लिए पुनर्विकास करना।
- प्रगति मैदान, नई दिल्ली के हाल 7 की छतों पर 100 किलोवाट पी वी विद्युत परियोजना की स्थापना करना।
- प्रगति मैदान, नई दिल्ली के स्थायी भवन की मौजूदा लाइटिंग व्यवस्था को ऊर्जा दक्ष लाइटिंग में बदलना।
- दिल्ली जल बोर्ड के राजस्व विभाग से 13.80 करोड़ रु. की बकाया धनराशि का समाधान करना।

17. क्षेत्रीय व्यापार संवर्धन केन्द्र

चेन्नई व्यापार केन्द्र

चेन्नई में एक महत्त्वपूर्ण स्थल नन्दम्बक्कम में 25.8 एकड़ क्षेत्र में इस केन्द्र को बनाया गया है। इस केन्द्र में तीन वातानुकूलित हॉल और एक सम्मेलन केन्द्र है। इन हॉलों का क्षेत्रफल क्रमश: 4400 वर्गमीटर है। इन हॉलों में खम्भों और कॉलमों का उपयोग नहीं किया गया है। इस केन्द्र ने जनवरी, 2001 में कार्य करना शुरू कर दिया था। इस कन्वेंशन सेन्टर में 2000 भागीदार भागीदारी कर सकते हैं तथा इस हॉल को दो बराबर भागों में विभाजित करने का भी प्रावधान है। चेन्नई व्यापार केन्द्र का संचालन तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन द्वारा किया जाता है जो कि आई टी पी ओ और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम का संयुक्त उद्यम है।

वर्ष 2016-17 के दौरान, चेन्नई व्यापार केन्द्र के प्रदर्शनी हॉलों में 108 प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया तथा सम्मेलन केन्द्र में 78 कार्यक्रम आयोजित किए गए। टी एन टी पी ओ को पिछले वर्ष की 42.23 करोड़ रुपये आय की तुलना में इस वर्ष 47.49 करोड़ रुपये की कुल आय हुई। गत वर्ष के (भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार निर्धारित (21.56 करोड़ रु.)

अधिशेष की तुलना 'अन्य व्यापक आय' पर विचार करने के बाद में 31.53 करोड़ रु. का अधिशेष प्राप्त हुआ।

टी एन टी पी ओ के बोर्ड ने टी एन टी पी ओ की विस्तार योजना के अंतर्गत 15,708 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले बहु-उद्देश्यीय (प्रदर्शनी/ सम्मेलन) हाल के विनिर्माण का अनुमोदन दिया है। विस्तार करने के बाद 31,063 वर्गमीटर (34.61 एकड़) के कुल क्षेत्रफल में सम्मेलन के लिए 2 हाल और प्रदर्शनी के लिए 4 हाल होंगे। अनुमानित परियोजना लागत 289 करोड़ रुपये तक हो सकती है।

बंगलौर व्यापार केन्द्र

व्हाइटफील्ड, बंगलौर में प्रमुख स्थान पर स्थित यह व्यापार केन्द्र 50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें 5371 वर्ग मीटर क्षेत्र का एक वातानुकूलित हॉल है। प्रदर्शनी हॉल के चारों ओर खुले क्षेत्र में 07 प्रदर्शनी हॉलों का विनिर्माण किया गया जिनमें भारी उपकरणों, मशीनों एवं फूड कोर्ट, व्यापार केन्द्रों की स्थापना की गई। व्यापार केन्द्र का प्रबंधन कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (के टी पी ओ), आई टी पी ओ तथा कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डवलेपमेंट बोर्ड (के आई ए डी बी) के संयुक्त उद्यम द्वारा किया जा रहा है वर्ष 2016-17 के दौरान बंगलौर व्यापार केन्द्र में 35 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। के टी पी ओ को गत वर्ष के 7.99 करोड़ रु. की तुलना में 8 करोड़ रु. की कुल आय हुई। गत वर्ष में 7.76 करोड़ रु. (भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार निर्धारित) की तुलना में निवल अधिशेष बंगलौर मेट्रो के लिए भूमि की बिक्री पर लाभ सहित 53.16 करोड़ रु. और 'अन्य व्यापक आय' को विचार करने के बाद निवल अधिशेष 50.76 करोड़ रु. है।

बोर्ड ने के टी पी ओ की विस्तार योजना के तहत 5000 वर्ग मीटर क्षेत्र में एक बहु-उद्देश्यीय (सम्मेलन/ प्रदर्शनी) हाल के विनिर्माण का अनुमोदन किया है। विस्तार के बाद सम्मेलन और प्रदर्शनी के लिए 2 हाल होंगे, जिनका कुल क्षेत्रफल 11,871 वर्गमीटर होगा। अनुमानित परियोजना लागत 40 करोड़ रु. तक हो सकती है।

18. राजभाषा हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

आई टी पी ओ में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है जिसकी बैठकें नियमित रूप से होती हैं। संसदीय राजभाषा समिति, राजभाषा विभाग, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद तथा वाणिज्य विभाग के हिन्दी अनुभाग से प्राप्त होने वाले निर्देशों का आई टी पी ओ में उचित रूप से अनुपालन किया जाता है।

कार्यालय का सरकारी कामकाज राजभाषा हिन्दी में करने का वातावरण बनाने हेतु प्रतिवर्ष कार्यालय में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। अपनी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों के अलावा आई टी पी ओ ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), (दिल्ली) तथा वाणिज्य विभाग की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में भी भाग लिया। आई टी पी ओ की कारपोरेट वेब-साइट www.indiatradefair.com द्विभाषी रूप में बनाई गई है तथा उसे नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

दैनिक सरकारी कार्य में राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये हिन्दी नोटिंग-ड्राफ्टिंग, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी वर्तनी शोधन और हिन्दी निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिनमें विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिये गये। इनके अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी को प्रोत्साहन के रूप में श्री कमलेश्वर के द्वारा लिखी गई पुस्तक (हिन्दी उपन्यास) दी गई। इसी प्रकार आई टी पी ओ के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में अनुवाद और टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आई टी पी ओ के दैनिक फाइल कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना पहले से ही चलाई जा रही है।

हिन्दी मासिक 'उद्योग व्यापार पत्रिका' के नियमित प्रकाशन के अलावा, व्यापारी दर्शक मार्गदर्शिका, आईआईटीएफ 2016 की सामान्य जानकारी, प्रगति मैदान में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों के मोबिलाइजेशन फोल्डर, मेला/ प्रदर्शनियों का कैलेण्डर, वार्षिक रिपोर्ट 2015-16, आई टी पी ओ और वाणिज्य विभाग के मध्य हुए समझौता ज्ञापन को हिन्दी में भी प्रकाशित किया गया।

19. सुरक्षा

सुरक्षा प्रभाग ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, आई आई टी एफ 2016 और अन्य मेलों के आयोजन के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं, फायर फाइटिंग व्यवस्थाएं और पार्किंग

व्यवस्थाएं की थी। सुरक्षा प्रभाग ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान थर्ड पार्टी मेला आयोजकों द्वारा की गई विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी निगरानी की। सुरक्षा प्रभाग ने सुरक्षा कार्मिकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम जुलाई 2016 से शुरू किए। सुरक्षा प्रभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा कर्मचारियों के लिए मानव और सामग्री की सुरक्षा, सॉफ्ट स्किल, अग्नि सुरक्षा प्रबंध आदि से संबंधित विभिन्न विषयों पर सप्ताह में 2 बार प्रशिक्षण दिया गया।

सुरक्षा प्रभाग के द्वारा आई टी पी ओ के कर्मचारियों के लिए 7 अक्तूबर 2016 को 'अग्नि की बुनियादी बातें और वार्डन प्रशिक्षण' कार्यक्रम चलाया। इसमें आई टी पी ओ के 81 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रयोक्ता अनुकूल और गड़बड़ी मुक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए अन्य सभी आयोजकों (थर्ड पार्टी) के साथ सुरक्षा बैठकें आयोजित की गईं। प्रगति मैदान के भीतर मानव, सामग्री और वाहन के प्रवेश के लिए तथा अन्य मेलों के दौरान एवं आई टी पी ओ के दूसरे प्रमुख मेलों के दौरान विभिन्न गेटों के सुचारु संचालन के बारे में पालन किए जाने वाले स्पष्ट और सुनिश्चित दिशा-निर्देश/ नियम उपलब्ध कराने के लिए आई टी पी ओ के सभी प्रभागों तथा सभी स्टेक होल्डरों के सुझावों और चिंताओं को शामिल करते हुए सुरक्षा प्रभाग के द्वारा एक विस्तृत एस ओ पी (मानक प्रचालन प्रक्रिया) तैयार की गई थी।

सुरक्षा प्रभाग ने आई टी पी ओ के मेलों के दौरान तथा अन्य मेलों के दौरान उत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निजी सुरक्षा एजेंसियों और अग्नि सुरक्षा एजेंसियों का पैनल तैयार किया है।

20. सतर्कता

सतर्कता विभाग आई टी पी ओ के सामान्य प्रशासन तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने में सहायता करता है। आई टी पी ओ कर्मचारी (सीडीए) नियमावली के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाहियों/ मामलों की जांच करने के अलावा, सतर्कता विभाग आई टी पी ओ के क्षेत्रीय कार्यालयों का निरीक्षण करता है तथा प्रदर्शनी परिसर और कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण करता है। इनके अलावा, पदोन्नतियों, विदेश प्रतिनियुक्तियों और सेवानिवृत्ति आदि के बारे में कर्मचारियों को सतर्कता क्लीयरेंस दी जाती है तथा वार्षिक सम्पत्ति विवरणों की संवीक्षा करता है। सतर्कता विभाग मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्नों और रिपोर्टों को वाणिज्य विभाग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई को प्रस्तुत करता है। दैनिक सरकारी कार्यों एवं जनता के साथ कार्यवाही में नैतिकता एवं पारदर्शिता के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु आई टी पी ओ के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

21. अनुषंगी और सहायक कम्पनियां

आई टी पी ओ की अपनी दो अनुषंगी कंपनियों- तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन और कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन में 51-51 प्रतिशत इक्विटी है। इनके अलावा आई टी पी ओ और राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन आई सी), भारत सरकार द्वारा प्रगति मैदान में संयुक्त रूप से 50:50 की भागीदारी से राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र (एन सी टी आई) स्थापित किया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसरण में अनुषंगी/ सहायक कम्पनी/ संयुक्त उद्यम कम्पनियों के वित्तीय विवरण की विशेषताएं विवरण में हैं जो इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग हैं (अनुबंध- I)।

22. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उप धारा (3) में प्रदत्त वार्षिकी का सार इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है (अनुबंध II)।

23. सावधि जमा, ऋण पर निवेश और गारंटी

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 73 और उसके अधीन बने नियमों के अन्तर्गत जनता से कोई जमा धनराशियां स्वीकार नहीं की हैं।

24. सम्बन्धित पार्टियों से लेन-देन

सूचना देने हेतु ऐसा कोई संगत पक्षकार लेन-देन नहीं हुआ।

25. लेखा परीक्षक

भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी ऐण्ड ए जी) ने मैसर्स ग्रोवर, लाला ऐण्ड मेहता, चार्टरित लेखाकार, नई दिल्ली को वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए आई टी पी ओ का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है।

26. सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में उठाये गये बिन्दुओं में से प्रत्येक

बिन्दु के बारे में बोर्ड के उत्तर इस रिपोर्ट का अभिन्न अंग है। (अनुबंध-III)

31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी के वार्षिक लेखे के बारे में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है। (अनुबंध-IV और V)

27. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

बोर्ड ने कंपनी की नीतियों के अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की संरक्षा, हेराफेरी और चूक की रोकथाम एवं पता लगाने, लेखांकन रिकार्ड की सटीकता और पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय प्रकटनों को समय पर तैयार करने सहित इसके कारोबार का उचित और सक्षम प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए नीतियां और प्रक्रियाएं अपनाई हैं। आई एस आर एस लेखा परीक्षा की गई है और बोर्ड को सूचित कर दिया गया है।

28. कारपोरेट गवर्नेंस

निदेशक मण्डल, ऑडिट कमेटी और पारिश्रमिक कमेटी का गठन कारपोरेट गवर्नेंस से संबंधित सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। निर्धारित अन्तराल पर बोर्ड और आडिट कमेटी दोनों की बैठकें नियमित रूप से की गयी।

वर्ष 2016-17 के दौरान, सार्वजनिक उद्यम विभाग के कारपोरेट गवर्नेंस से संबंधित दिशा-निर्देशों का आई टी पी ओ द्वारा अनुपालन किये जाने के बारे में निर्धारित समय में वाणिज्य विभाग को वार्षिक रिपोर्ट भेजी गई हैं जिससे 'उत्कृष्ट' ग्रेड पाने के लिए निर्धारित 97.85% के वार्षिक औसत प्रो-रेटा स्कोर की सूचना दी गई है, जिसकी एक विस्तृत रिपोर्ट संलग्न की गई है तथा इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है। (अनुबंध-VI एवं VII)

29. जोखिम प्रबन्धन

आपकी कम्पनी अपने संचालनों से सम्बन्धित जोखिमों का नियमित रूप से विश्लेषण करती है तथा ज्ञात जोखिमों से निपटने हेतु बीमा और अन्य आदि उपाय किये जाते हैं।

30. सूचना का अधिकार (आर टी आई)

आई टी पी ओ के प्रशासन प्रभाग के अधीन कार्यरत आर टी आई सैल अत्यधिक सक्रिय है और यह सुनिश्चित करता है कि आर टी आई के अधीन प्राप्त हुए सभी आवेदन पत्रों/ अपीलों का निपटान किया जाता है। आर टी आई सैल में अप्रैल 2016 से मार्च 2017 की अवधि के दौरान 123 आवेदन पत्र और 08 अपीलें प्राप्त हुई थीं।

31. आचार संहिता

आई टी पी ओ ने अपने निदेशक मण्डल तथा वरिष्ठ प्रबन्धन कार्मिकों के लिए आचार संहिता बनाई है। इसके अनुपालन की पुष्टि सभी संबंधित व्यक्तियों से वार्षिक आधार पर ली जाती है। निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबन्धन कर्मिकों ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अनुपालन की पुष्टि कर दी है। अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित एक घोषणा इस रिपोर्ट के साथ में दी गयी है। (अनुबंध-VIII)

32. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर और संपोषण में क्षमता निर्माण, समुदायों के सशक्तीकरण, समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित संरक्षण और ऊर्जा क्षम प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने, पिछड़े क्षेत्रों का विकास करने तथा समाज के उपेक्षित और कमजोर तबके के लोगों का उत्थान करने पर बल दिया गया है।

आई टी पी ओ लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी सी एस आर और संपोषण दिशा-निर्देशों तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों का सख्ती से अनुपालन कर रहा है। सी एस आर पहलों/ कार्याकलापों को तदनुसार अनुमोदन/ निगरानी से कार्यान्वित किया जाता है। आई टी पी ओ की सी एस आर पहलों के बारे में विस्तृत नीति http://www.indiatradefair.com.csr.php पर उपलब्ध है। आई टी पी ओ द्वारा सी एस आर से संबंधित पहलों का पूर्ण विवरण अनुबंध-IX में दिया गया है।

33. प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट अलग से इस रिपोर्ट के साथ (अनुबंध-X) में संलग्न की गई है और यह इस रिपोर्ट का अभिन्न भाग है।

34. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अपनाना, विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

(क) ऊर्जा संरक्षण :

कम्पनी के कार्यकलापों के लिए ऊर्जा की निरन्तर खपत नहीं होती, तथापि ऊर्जा संरक्षण के लिये लाइटों, पंखों, एअर कंडीशनरों आदि के सीमित प्रयोग जैसे आवश्यक उपायों को लागू किया जा चुका है।

(ख) प्रौद्योगिकी अपनाना

कम्पनी ने किसी भी स्रोत से किसी भी प्रौद्योगिकी को नहीं अपनाया है। आई टी पी ओ सेवा क्षेत्र में कार्यरत है तथा कम्पनी व्यापार संवर्धन संगठन होने के कारण देश की निर्यात संबंधी गतिविधियां बढ़ाने के हर सम्भव उपाय कर रही है।

(ग) विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

	चालू वर्ष (2016-17) (करोड़ रु. में)	गत वर्ष (2015-16) (करोड़ रु. में)
आय	11.44	13.55
व्यय	22.06	20.09

35. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

जैसा कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) में यथानिर्दिष्ट है, निदेशकों द्वारा निदेशक उत्तरदायित्व विवरण का समर्थन किया गया है तथा निम्नलिखित मामलों की पुष्टि करते हैं :-

I. वार्षिक लेखे तैयार करने में वास्तविक सारभूत परिवर्तनों से संबंधित उपयुक्त स्पष्टीकरण सहित लागू गणना मानकों को अपनाया गया है।

II. निदेशकों ने गणना की ऐसी नीतियां चुनी हैं और उन्हें सुसंगत ढंग से लागू किया है तथा ऐसे आकलन किये हैं जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हैं और इस कम्पनी के बारे में वित्तीय वर्ष और उसी अवधि में कम्पनी के व्यय से अधिक आय का सही तथा उचित विवरण प्रस्तुत करते हैं।

III. निदेशकों ने कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने, गबन एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त गणना रिकार्ड रखे हैं।

IV. निदेशकों ने प्रचलित आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किये हैं।

V. निदेशकों ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विनिर्दिष्ट किए हैं जिनका कंपनी द्वारा अनुसरण किया जा रहा है और यह कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का पर्याप्त और अधिक प्रभावी ढंग से प्रचालन किया जा रहा है।

VI. निदेशकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रणाली विकसित की है कि सभी लागू कानूनों का अनुपालन हो रहा है और यह कि ऐसी प्रणाली का पर्याप्त और प्रभावी कारगर प्रचालन हो रहा है।

36. आभार

हम केन्द्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों, विशेषत: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित भारतीय दूतावासों के निरंतर मार्गदर्शन और सहायता के लिए उनके आभारी हैं। निदेशक मण्डल दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उद्यमों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड और अन्य एजेंसियों तथा व्यक्तियों के प्रति भी आई टी पी ओ को दिये गये उनके तत्पर सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट करता है। निदेशक मण्डल भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, लोक उद्यम विभाग और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा दिये गये बहुमूल्य सहयोग के लिए भी उनके आभारी हैं।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

ह./-

(एल सी गोयल)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
डीआईएन नं. 02389348

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29.08.2017

अनुबंध-I

फार्म ए ओ सी - 1

(कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उप-धारा (3) के प्रथम परंतुक के अनुसरण में)

अनुषंगी कंपनियों/ सहयोगी कंपनियों/ संयुक्त उद्यम कंपनियों के वित्तीय विवरणों की प्रमुख विशेषताओं से संबंधित विवरण

भाग 'क' अनुषंगी कंपनी

(प्रत्येक अनुषंगी कंपनी के संबंध में सूचना रुपए धनराशि में प्रस्तुत की जाए)

क्र. सं.	विवरण	विवरण	
1.	दिनांक 31.03.2017 की स्थिति अनुसार अनुषंगी कंपनी का नाम	तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन	कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
2.	तारीख जब से अनुषंगी कम्पनी को प्राप्त किया	17.11.2000	06.12.2000
3.	यदि संबंधित अनुषंगी कंपनी के लिए रिपोर्ट की अवधि धारित कंपनी की रिपोर्ट की अवधि से अलग है	लागू नहीं	लागू नहीं
4.	यदि विदेशी अनुषंगी कंपनी है तो संगत वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख की स्थिति अनुसार रिपोर्ट की मुद्रा और विनिमय दर	लागू नहीं	लागू नहीं
5.	शेयर पूंजी	रु. 1,00,000/-	रु. 20,00,00,000/-
6.	आरक्षित एवं अधिशेष	रु. 2,14,59,11,281/-	रु. 1,04,81,85,810/-
7.	कुल परिसंपत्तियां	रु. 2,25,63,61,578/-	रु. 1,27,65,37,740/-
8.	कुल देनदारियां	रु. 11,03,50,297/-	रु. 2,83,51,930/-
9.	निवेश	-	-
10.	कारोबार (टर्न ओवर)	रु. 37,18,36,662/-	रु. 3,66,25,786/-
11.	कराधान से पूर्व लाभ	रु. 31,53,35,091/-	रु. 53,16,34,879/-
12.	कराधान के लिए प्रावधान	शून्य	शून्य
13.	कराधान के बाद लाभ	रु. 31,53,35,091/-	रु. 53,16,34,879/-
14.	प्रस्तावित लाभांश	लागू नहीं (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत लाभांश की घोषणा पर प्रतिबंध है।	लागू नहीं (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत लाभांश की घोषणा पर प्रतिबंध है।
15.	शेयरधारिता का प्रतिशत	51%	51%

टिप्पणियां : विवरण के अंत में निम्नलिखित सूचना दी जाएगी :

1. जिन अनुषंगी कंपनियों द्वारा प्रचालन अभी शुरू किया जाना है, उनके नाम।
2. जिन अनुषंगी कंपनियों को वर्ष के दौरान परिसमाप्त/ बेचा जा चुका है, उनके नाम।

फार्म 'ख' : सहयोगी और संयुक्त उद्यम कंपनियां

सहयोगी और संयुक्त उद्यम कंपनियों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) के अनुसरण में विवरण

सहयोगी/ संयुक्त उद्यम कंपनियों का नाम	नाम 1	नाम 2	नाम 3
नवीनतम लेखा परीक्षित तुलन पत्र की तारीख: 31 मार्च, 2016	राष्ट्रीय व्यापार सूचना केंद्र		
वह तारीख जिसको सहयोगी/ संयुक्त उद्यम कम्पनी जुड़ी अथवा प्राप्त की गई थी	31.03.1995		
वर्ष के अंत में कंपनी की सहयोगी/ संयुक्त उद्यम कंपनियों के शेयर			
संख्या	2,00,000		
सहयोगी/ संयुक्त कंपनियों में निवेश की धनराशि	रु. 2,00,00,000/-		
धारिता %	50%		
यह विवरण कि महत्त्वपूर्ण प्रभाव कैसे है	आई टी पी ओ के पास 50% शेयर पूंजी होने के कारण महत्त्वपूर्ण प्रभाव है		
कारण बताएं कि क्यों सहयोगी/ संयुक्त उद्यम कंपनियां समेकित नहीं हैं	भारतीय लेखांकन मानक - 28		
लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार नवीनतम शेयर धारिता के कारण कुल कारोबार धनराशि	रु. 1,66,11,043		
वर्ष के लिए लाभ/ हानि			
समेकित रूप से मानी गई	रु. 1,46,057		
समेकित रूप से नहीं मानी गई	रु. 1,46,057		

1. जिन सहयोगी अथवा संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा अभी प्रचालन शुरू किया जाना है, उनके नाम।
2. जिन सहयोगी अथवा संयुक्त उद्यम कंपनियों को वर्ष के दौरान परिसमाप्त अथवा बेचा जा चुका है, उनके नाम।

टिप्पणी : इस फार्म को उसी तरह से प्रमाणित किया जाना है, जिस तरह तुलन पत्र प्रमाणित की जानी है।

हस्ता./-	हस्ता./-	हस्ता./-
(एस. आर. साहू)	(डी. एम. शर्मा)	(एल. सी. गोयल)
कंपनी सचिव	मुख्य वित्तीय अधिकारी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुबंध-II

फार्म सं. एम जी टी - 9

वार्षिक विवरणी से उद्धृत

31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष की स्थिति

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 (3) और कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12 (1) के अनुसरण में,

I. पंजीकरण एवं अन्य विवरण

i)	सी आई एन	यू 74899 डीएल 1976 एनपीएल 008453
ii)	पंजीकरण की तारीख	30/12/1976
iii)	कम्पनी का नाम	इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
iv)	कम्पनी की श्रेणी/ उप श्रेणी	मिनी - रत्न श्रेणी-1
v)	पंजीकृत कार्यालय का पता और सम्पर्क का विवरण	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 91-11-23371540 (ईपीएबीएक्स) फैक्स : 91-11-23371492, 23371493 ई-मेल : info@itpo.gov.in
vi)	क्या सूचीबद्ध कम्पनी है	हां/ नहीं
vii)	पंजीयक एवं अंतरण एजेंट, यदि कोई हो, का नाम, पता ओर सम्पर्क का विवरण	लागू नहीं

II. कम्पनी की प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां

कम्पनी के कुल कारोबार में 10 प्रतिशत या उससे अधिक का योगदान करने वाली सभी कारोबारी गतिविधियां इस प्रकार होंगी :

क्र.सं.	मुख्य उत्पादों/ सेवाओं का नाम और विवरण	उत्पाद/ सेवा का एनआईसी कोड	कम्पनी के कुल कारोबार का %
1	भारत के व्यापार संवर्धन के लिए मेलों/ प्रदर्शनियों का आयोजन	-	100%
2	-	-	-
3	-	-	-

III. होल्डिंग, अनुषंगी और एसोसिएट कम्पनियों के विवरण

क्र. सं.	कम्पनी का नाम व पता	सीआईएन/ जीआईएन	होल्डिंग/ अनुषंगी/ एसोसिएट	धारित शेयर का %	लागू धारा
1	तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन सीटीसी काम्प्लेक्स, नंदमबक्कम चेन्नई 600089	यू91120टीएन2000एनपीएल046140	अनुषंगी	51%	धारा 25 अब धारा 8
2	कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन प्लाट नं. 121, रोड, नं. 5, ईपीआईपी, द्वितीय फेस, व्हाइट फील्ड इंडस्ट्रियल एरिया, बंगलुरू-560066	यू92490केए2000एनपीएल028238	अनुषंगी	51%	धारा 25 अब धारा 8
3	राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र हॉल # 19, प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001	यू74899डीएल1995एनपीएल067008	एसोसिएट	50%	धारा 25 अब धारा 8

IV. शेयर धारित पद्धति (कुल इक्विटी में % के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

(i) श्रेणी-वार शेयर धारिता

शेयर धारकों की श्रेणी	कार्य के प्रारंभ में धारिता शेयरों की संख्या	कार्य के अंत में धारिता शेयरों की संख्या	वर्ष के दौरान % परिवर्तन
क. प्रोमोटर (1) भारतीय	–	–	–
(क) व्यक्तिगत/ एचयूएफ	–	–	–
(ख) केन्द्र सरकार • भारत के राष्ट्रपति (24998) • वाणिज्य सचिव,(वाणिज्य विभाग (1) • सीएमडी, आई टी पी ओ (1)	25,000/-	25,000/-	0%
(ग) राज्य सरकारें	–	–	–
(घ) निकाय निगम	–	–	–
(ङ) बैंक/ वित्तीय संस्थान	–	–	–
(च) कोई अन्य	–	–	–
उप-जोड़ (क) (1) :-	25,000/-	25,000/-	0%
(2) विदेशी	–	–	–
(क) एनआरआई - व्यक्तिगत	–	–	–
(ख) अन्य - व्यक्तिगत	–	–	–
(ग) निकाय निगम	–	–	–

(घ) बैंक/ वित्तीय संस्थान	–	–	–
(ङ) कोई अन्य	–	–	–
उप-जोड़ (क) (2) :-	–	–	–
प्रोमोटर की कुल शेयर धारिता (क) = (क)(1) + (क)(2)	25,000/-	25,000/-	0%
ख. सार्वजनिक शेयर धारिता 1. संस्थान	–	–	–
(क) म्युचुअल फंड	–	–	–
(ख) बैंक/ वित्तीय संस्थान	–	–	–
(ग) केन्द्रीय सरकार	–	–	–
(घ) राज्य सरकारें	–	–	–
(ङ) उद्यम पूंजी निधि	–	–	–
(च) उद्यम पूंजी निधि	–	–	–
(छ) बीमा कम्पनियां	–	–	–
(ज) एफएलएल	–	–	–
(झ) विदेशी उद्यम पूंजीगत निधियां	–	–	–
(ञ) अन्य (स्पष्ट करें)	–	–	–
उप-जोड़ (ख) (1) :-	–	–	–
2. गैर संस्थान (क) निकाय निगम	–	–	–
i) भारतीय	–	–	–
ii) विदेशी	–	–	–
(ख) व्यक्तिगत	–	–	–
i) 1 लाख रु. तक की सामान्य शेयर पूंजी वाले व्यक्तिगत शेयर धारक	–	–	–
ii) 1 लाख रु. से अधिक की सामान्य शेयर पूंजी वाले व्यक्तिगत शेयर धारक	–	–	–
(ग) अन्य (स्पष्ट करें)	–	–	–
उप-जोड़ (ख) (2) :-	–	–	–
दर्शकों की कुल शेयर धारित (ख) = (ख)(1) + (ख)(2)	–	–	–
(ग) जीडीआर और एडीआर के लिए धारक के पास रखे शेयर	–	–	–
सकल योग (क+ख+ग)	25,000/-	25,000/-	0%

(ii) प्रोमोटर की शेयर धारिता

क्र.सं.	शेयरहोल्डर का नाम	वर्ष के प्रारंभ में शेयर धारिता			वर्ष के अंत में शेयर धारित			
		शेयरों की सं.	कम्पनी के शेयर की कुल %	कुल शेयरों में बंधक/ प्रतिबंधक शेयर का %	शेयरों की सं.	कम्पनी के शेयर की कुल %	कुल शेयरों में बंधक/ प्रतिबंधक शेयर का %	वर्ष के दौरान धारित शेयरों में परिवर्तन का %
1	भारत के राष्ट्रपति	24998	99.98%	नहीं	24998	99.98%	नहीं	0%
2	वाणिज्य सचिव, वाणिज्य विभाग	1	0.01%	नहीं	1	0.01%	नहीं	0%
3	सीएमडी, आई टी पी ओ	1	0.01%	नहीं	1	0.01%	नहीं	0%
	कुल	25,000	100%	नहीं	25,000	100%	नहीं	0%

(iii) प्रोमोटर की शेयर धारिता में परिवर्तन (यदि कोई परिवर्तन नहीं है तो स्पष्ट करें)

क्र.सं.		वर्ष के आरंभ में शेयर धारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयर धारिता	
		शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %	शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %
1.	वर्ष के आरंभ में	लागू नहीं	–	लागू नहीं	–
2.	वर्ष के दौरान प्रोमोटरों की शेयरधारिता में तिथि-वार वृद्धि/ कमी जिसमें वृद्धि/ कमी के कारण बताएं (अर्थात आवंटन/ अंतरण) बोनस/ स्वीट	–	–	–	–
3.	वर्ष के अंत में	लागू नहीं	–	लागू नहीं	–

(iv) सर्वाधिक दस शेयरधारकों की शेयरधारिता पद्धति (निदेशकों और प्रोमोटरों और जीडीआर व एडीआर के धारकों के अलावा) :

क्र.सं.		वर्ष के आरंभ में शेयर धारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयर धारिता	
	10 सर्वाधिक शेयरधारिकों में प्रत्येक के लिए	शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %	शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %
1.	वर्ष के आरंभ में	लागू नहीं	–	लागू नहीं	–
2.	वर्ष के दौरान प्रोमोटरों की शेयरधारिता में तिथि-वार वृद्धि/ कमी जिसमें वृद्धि/ कमी के कारण बताएं (अर्थात आवंटन/ अंतरण) बोनस/ स्वीट	–	–	–	–
3.	वर्ष के अंत में (अथवा पृथक होने की तारीख को, यदि वर्ष के दौरान अलग हुए हैं)	लागू नहीं	–	लागू नहीं	–

(v) निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता

क्र.सं.		वर्ष के आरंभ में शेयर धारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयर धारिता	
	प्रत्येक निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के लिए	शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %	शेयरों की सं.	कम्पनी के कुल शेयर का %
1.	वर्ष के आरंभ में	सीएमडी, आई टी पी ओ (1)	.01%	सीएमडी, आई टी पी ओ (1)	.0%
2.	वर्ष के दौरान प्रोमोटरों की शेयरधारिता में तिथि-वार वृद्धि/ कमी जिसमें वृद्धि/ कमी के कारण बताएं (अर्थात आवंटन/ अंतरण) बोनस/ स्वीट	शून्य	–	शून्य	–
3.	वर्ष के अंत में	सीएमडी, आई टी पी ओ (1)	.01%	सीएमडी, आई टी पी ओ (1)	.01%

V. देनदारी

कम्पनी की देनदारी, जिसमें बकाया/ जमा ब्याज शामिल है लेकिन भुगतान करने के लिए बकाया नहीं हैं।

	जमा धनराशियों को छोड़कर सुरक्षित ऋण	असुरक्षित ऋण	जमा धनराशियां	कुल देनदारियां
वित्तीय वर्ष के आरंभ में देनदारी (i) मूल धनराशि	शून्य	शून्य	–	शून्य
(ii) ब्याज बकाया लेकिन भुगतान नहीं किया गया	–	–	–	–
(iii) ब्याज शामिल लेकिन देय नहीं	लागू नहीं			लागू नहीं
कुल (i+ ii+iii)				
वित्तीय वर्ष के दौरान देनदारी में परिवर्तन				
वृद्धि				
कमी				
निवल परिवर्तन				
वित्त वर्ष के अंत में देनदारी (i) मूल धनराशि				
(ii) ब्याज बकाया लेकिन भुगतान नहीं किया गया				
(iii) ब्याज शामिल लेकिन देय नहीं				
कुल (i +ii+iii)				

VI. निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों तथा/ अथवा प्रबंधक का पारिश्रमिक

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक/ पूर्णकालिक निदेशक/ प्रबंधक का नाम				कुल राशि
		सीएमडी	ईडी	–	–	
1.	सकल वेतन (क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) के तहत वेतन	रु. 25,95,608/–	रु.25,48,879/–			रु.51,44,487/–
	(ख) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(2) के तहत परिलब्धियां	रु. 4,28,683/–	रु. 3,02,373/–	–	–	रु.7,31,056/–

	(ग) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 17(3) के तहत	–	–	–	–	–
2.	स्टाक का विकल्प	–	–	–	–	–
3.	स्वीट इक्विटी	–	–	–	–	–
4.	कमीशन – लाभ के रूप में % – अन्य, स्पष्ट करें	–	–	–	–	–
5.	अन्य कृपया स्पष्ट करें	–	–	–	–	–
	कुल (क)	30,24,291/–	28,51,252/–			58,75,543/–
	अधिनियम के तहत अधिकतम सीमा					

ख. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों का नाम	कुल राशि
1.	स्वतंत्र निदेशक बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	श्री पी. एन. विजय रु. 10,000/20,000/– प्रत्येक बैठक	रु. 1,10,000/–
	कमीशन	–	–
	अन्य, कृपया स्पष्ट करें	–	–
	कुल (1)	रु. 1,10,000/–	रु. 1,10,000/–
2.	अन्य गैर – कार्यकारी निदेशक बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	शून्य	शून्य
	कमीशन		
	अन्य, कृपया स्पष्ट करें		
	कुल (2)	शून्य	शून्य
	कुल (ख) = (1 + 2)	शून्य	शून्य
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	रु. 1,10,000/–	रु. 1,10,000/–
	अधिनियम के तहत अधिकतम सीमा		

ग. प्रबंध निदेशक/ प्रबंधक/ पूर्णकालिक निदेशक के अलावा अन्य मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक			
		सीईओ	कम्पनी सचिव	सीएफओ	कुल
1	सकल आय				
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) के तहत आय	लागू नही	15,81,861/-	17,98,401/-	33,80,262/-
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के तहत परिलब्धियों का मूल्य	-	12,341/-	18,736/-	31,077/-
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के तहत वेतन के बदले लाभ	-	-	-	-
2	स्टॉक विकल्प	-	-	-	-
3	स्वीट इक्विटी	-	-	-	-
4	कमीशन - लाभ प्रतिशत के रूप में - अन्य, स्पष्ट करें	-	-	-	-
5	अन्य कृपया स्पष्ट करें	-	-	-	-
	कुल	-	15,94,202/-	18,17,137/-	34,11,339/-

VII. जुर्माना/ दंड/ मिश्रित क्षति

प्रकार	कम्पनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए जुर्माने/ दंड/ मिश्रित शुल्क के विवरण	प्राधिकारी (आरडी/ एनसीएलटी/ कोर्ट)	की गई अपील, यदि कोई हो (विवरण दें)
क. कम्पनी					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
मिश्रित	-	-	-	-	-
ख. निदेशक					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
मिश्रित	-	-	-	-	-
ग. अन्य अधिकारियों की चूक					
जुर्माना	-	-	-	-	-
दंड	-	-	-	-	-
मिश्रित	-	-	-	-	-

अनुबंध-III

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

'इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन' (आई टी पी ओ), नई दिल्ली के सदस्यों को

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण से संबंधित पृथक रिपोर्ट

हमने इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ('कम्पनी') के पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा कर ली है जिसमें 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष का तुलन-पत्र, आय और व्यय (अन्य व्यापक आय शामिल हैं) का विवरण, उस वर्ष का कैश-फ्लो विवरण और इक्विटी में बदलाव संबंधी विवरण एवं विशिष्ट गणना नीति का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है, जिसे इसके बाद में पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण कहा है।

पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण के संबंध में प्रबन्धन का उत्तरदायित्व

कम्पनी के निदेशक मंडल का उत्तरदायित्व कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के अंतर्गत ऐसे पृथक वित्तीय भारतीय लेखांकन मानक विवरण तैयार करना है जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन एवं कैश-फ्लो और इक्विटी में बदलाव संबंधी विवरण का सत्य एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करते हैं और कम्पनी (लेखा) नियमावली के अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत भारतीय लेखांकन मानक सहित भारत के सामान्यत: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार हैं।

इस उत्तरदायित्व में कम्पनी की परिसंपत्तियों की संरक्षा और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचने और पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड रखना; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; तर्कसंगत और विवेक सम्मत निर्णय और आकलन करना; तथा पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने संबंधी डिजाइन, कार्यान्वयन और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रबन्ध प्रस्तुतीकरण शामिल हैं जो सही एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करें जो भौतिक गलतबयानी से मुक्त हों। चाहे वह धोखाधड़ी या गलती से ही क्यों न हुए हों।

प्रबंधन के उत्तर

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारे द्वारा किये गए लेखा परीक्षण के आधार पर पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण के विषय में अपना विचार प्रकट करना है। हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और लेखा परीक्षा मानकों तथा ऐसे मामलों को ध्यान में रखा है, जो अधिनियम और उसके अंतर्गत बने नियमों के प्रावधानों के तहत लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने आवश्यक है।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा से संबंधित मानकों के अनुसार पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। ऐसे मानकों की अपेक्षाएं हैं कि हम नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें तथा वित्तीय विवरण के विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना बनाएं और निष्पादन करें कि क्या वित्तीय विवरण असत्य विवरण तो नहीं है।

लेखा परीक्षा में धनराशि पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण से सम्बन्धित घोषणा के विषय में लेखा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल हैं। प्रक्रिया चुनना भारतीय मानक लेखा वित्तीय विवरणों की गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या चूक के कारण हो, के जोखिम का आकलन करने सहित लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है। जोखिम का आकलन करने में लेखा परीक्षक कम्पनी के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं उसको उचित रूप से प्रस्तुत करने में आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है जो परिस्थितियों में लेखा परीक्षण प्रक्रिया उचित हो लेकिन इस बात पर राय व्यक्त करने के प्रयोजन से नहीं कि कम्पनी के पास ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावकारिता तथा वित्तीय सूचनाओं पर कोई पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है। लेखा परीक्षण में लेखा गणना नीति का उचित कीमतांकन करना एवं कम्पनी के निदेशकों द्वारा किये गए लेखा अनुमान का उचित एवं पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण का सम्पूर्ण प्रस्तुतिकरण करना है।

हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गए लेखा साक्ष्य पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों से संबंधित योग्य राय के अध्याधीन हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है जो निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता पर निर्भर है।

योग्य राय के लिए आधार

(i) कम्पनी ने कार्य निष्पादन सम्बन्धी वेतन (पीआरपी) हेतु वर्ष के दौरान 184.00 लाख रुपये का प्रावधान किया गया। (संचित आधार पर 31.3.2017 के लिए 3264.00 लाख रुपये) और 31.03.2017 तक 1569.92 लाख रुपये कम्पनी ने कर्मचारियों को भुगतान करने, दीर्घावधिक ऋण एवं अग्रिम के रूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा योजना को अनुमोदित किए बिना जारी किए जैसा कि टिप्पणी 22 में उल्लिखित है। तदनुसार, वर्ष के दौरान व्यय से अधिक आय 184.00 लाख रुपये कम दिखाई और आरक्षित व अधिशेष धनराशि 3264.00 लाख रुपए कम दर्शाई गई और वर्तमान देनदारी शीर्ष के अंतर्गत प्रावधान 3264.00 लाख रुपए अधिक दिखाया गया।

वास्तविक विवरण। वित्तीय विवरण कृपया टिप्पणी संख्या 22 का अवलोकन करें।

(ii) आकस्मिक देनदारी में 1022.45 लाख रु. का एक सेवा कर मांग व कारण बताओ नोटिस शामिल है, जिसमें से सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त द्वारा पारित आदेश के लिए 881.31 लाख रु. का वर्ष 2014-15 के दौरान भुगतान किया जा चुका है और शेष 141.14 लाख रु. की धनराशि भुगतान की जानी है, जैसा कि टिप्पणी सं. 35 में स्पष्ट किया गया है। हमारी राय में भारतीय लेखांकन मानक 37 'प्रावधान, आकस्मिकता देनदारी और आकस्मिक परिसंपत्तियां' के अनुसार 881.31 लाख रु. का प्रावधान नहीं किया गया। तदनुसार, व्यय से अधिक आय बताई गई है और आरक्षित व अधिशेष राशि इस धनराशि के कारण अधिक हो गई है और वर्तमान देनदारी के तहत अल्पकालिक प्रावधान इसी धनराशि के कारण कम दर्शाया गया है।

सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क आयुक्त के आदेश के अंतर्गत 75% जुर्माने तथा ब्याज लगाने से छूट प्राप्त करने के लिए कम्पनी ने वर्ष 2014-15 में नियत तिथि तक 881.31 लाख रुपये की मांग की, असहमति के साथ भुगतान कर दिया है। साथ ही कम्पनी ने मांग का विरोध करते हुए आदेश के खिलाफ सी ई एस टी ए टी के समक्ष अपील दाखिल की। चूंकि कम्पनी ने मांग को स्वीकार नहीं किया। सामान्य और स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों के अनुसार आकस्मिक देनदारी प्रदान की है और टिप्पणी संख्या 33 (क) में प्रकट आंकडों में शामिल की गयी है।

इस संबंध में स्थिति को वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 35 में समुचित रूप से स्पष्ट किया गया है।

उपरोक्त अनुच्छेद (i) से (ii) में उल्लिखित योग्यता की निवल प्रभाव स्वरूप वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय का 697.31 लाख रु. का अधिक विवरण, वर्तमान देनदारी और प्रावधान के लिए 2381.69 लाख रु. का अधिक विवरण 31 मार्च, 2017 को 2382.69 लाख रु. अधिक का आरक्षित और अधिशेष है, जिसका योग्य राय के आधार पर ऊपर उल्लेख किया जा चुका है।

योग्य राय

हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण, उपर्युक्त योग्य राय अनुच्छेद के लिए दिए गए विवरण के प्रभाव को छोड़कर, उपरोक्त पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार दिए गए हैं जो भारत में सामान्यत: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप कम्पनी के कार्यों का दिनांक 31 मार्च, 2017 और व्यय से अधिक आय (अन्य विस्तृत आय सहित वित्तीय निष्पादन) बदलाव तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के कैश-फ्लो का एक सच्चा और सत्य दृश्य प्रकट करते हैं।

अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा (11) के प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ('आदेश') इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन पर लागू नहीं होते हैं क्योंकि यह कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत है।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अधिनियम की धारा 143 की उप धारा (5) के अनुसार जांच किए जाने वाले क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए अनुदेश जारी किए हैं, जिनका अनुपालन 'अनुबंध - क' में दिया गया है।
3. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षाओं के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(क) हमने योग्य राय के आधार पर उल्लिखित मदों को छोड़कर सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जो कि हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के उद्देश्य से आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में कानूनन अपेक्षित लेखा बहियों का समुचित रख-रखाव किया गया है, जैसा कि इन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

(ग) तुलन पत्र, आय और व्यय का विवरण, कैश-फ्लो विवरण तथा इक्विटी परिवर्तन विवरण इस रिपोर्ट का भाग है, जो लेखा बहियों से मेल खाता है।

(घ) हमारी राय में उपरोक्त पृथक वित्तीय कम्पनी (लेखा) नियमावली के संगत नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के साथ भारतीय लेखांकन मानक 37 'प्रावधान, आकस्मिक देनदारी और आकस्मिक परिसम्पतियां' के अलावा मेल खाते हैं, जैसा कि योग्य राय के आधार के अनुच्छेद (ii) में उल्लेख किया गया है।

(ङ) योग्य राय के लिए आधार के उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित मामला हमारी राय में कम्पनी की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

(च) कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा 5 जून 2015 को जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463(ई) और अधिसूचना की धारा 164(2) निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में है जो कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

(छ) कंपनी की वित्तीय रिपोर्ट आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनीय प्रभावकारिता के संबंध में हमारी पृथक रिपोर्ट 'अनुबंध-ख' में दी गई है।

(ज) कम्पनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) संशोधन नियमावली, 2017 के साथ पठित कम्पनी और (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार है :-

(i) कम्पनी ने वित्तीय विवरणों के नोट 33 में स्पष्ट की गई सामान्यत: भारतीय लेखांकन मानक स्वीकृत लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार अपने वित्तीय विवरणों में अपनी भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय स्थिति पर लंबित वादों के प्रभाव को प्रकट किया है।

(ii) कम्पनी का ऐसा कोई दीर्घावधिक अनुबंध व विचलन अनुबंध नहीं था, जिसके लिए कोई बड़ी स्पष्ट हानि हो।

(iii) निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

(iv) कम्पनी ने अपने पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 10 में 8 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 के दौरान विशिष्ट बैंक नोटों के धारण और कार्रवाई करने के लिए पृथक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में अपेक्षित प्रकटन उपलब्ध कराया है। लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं और प्रबंधन की सूचना पर भरोसा करते हुए हम रिपोर्ट करते हैं कि ये प्रकटन कम्पनी के द्वारा बनायी लेखा पुस्तकों के अनुसार है।

कृते ग्रोवर, लाला एवं मेहता
चार्टर्ड लेखाकार
एफ आर एन 002830 एन

ह./-
आलोक गोयल
(भागीदार)
सदस्यता सं. 501529
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29 अगस्त, 2017

अनुबंध-क 'अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट' के शीर्षक के अंतर्गत अनुच्छेद 2 के संदर्भ में उक्त तिथि को हमारी रिपोर्ट

कपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी अनुदेशों पर रिपोर्ट

क्र. सं.	अनुदेश	उत्तर
1.	क्या कंपनी के पास फ्री-होल्ड और लीज-होल्ड भूमि के लिए क्रमश: स्पष्ट मालिकाना हक विलेख/ पट्टा विलेख है? यदि नहीं तो कृपया फ्री-होल्ड और लीज-होल्ड भूमि क्षेत्र बताएं, जिसके लिए मालिकाना हक विलेख/ पट्टा विलेख उपलब्ध नहीं है।	सभी फ्री-होल्ड परिसंपत्तियां और लीज-होल्ड भूमियों में मालिकाना हक विलेख/ पट्टा विलेख उपलब्ध हैं।
2.	क्या उधारियों/ ऋणों/ ब्याज इत्यादि की माफी/ बट्टे खाते में डालने का कोई मामला है, यदि हां तो तत्संबंधी कारण और उसमें शामिल धनराशि का उल्लेख करें।	सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से दो पार्टीयों के संबंध में 0.25 लाख रु. की उधारी बट्टे खाते में डाली गई। ऋण की संदेहात्मक वसूली के प्रति सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से चार पार्टियों के मामले 17.86 लाख रूपये के ऋण को बट्टे खाते में डाला गया। छुट-पुट डेबिट/ क्रेडिट के संबंध में विविध बट्टे खाते में डाली गई 0.02 लाख रु. की धनराशि, समायोजित की जा रही है।
3.	क्या अन्य पक्षों के पास पड़ी वस्तु सूचियों और सरकार अथवा अन्य प्राधिकरणों से उपहार/ अनुदान(नों) के रूप में प्राप्त परिसंपत्तियों के रिकार्ड का समुचित रख-रखा किया गया।	कंपनी के अन्य पक्षों के पास कोई वस्तु सूची पड़ी हुई नहीं है। इसके अलावा, हमारी राय में कंपनी द्वारा सरकार अथवा अन्य प्राधिकरणों से उपहार/ अनुदान के रूप में प्राप्त परिसंपत्तियों का समुचित रिकार्ड रखा जा रहा है।

कृते ग्रोवर, लाला एवं मेहता
चार्टर्ड लेखाकार
एफ आर एन 002830 एन

ह./-
आलोक गोयल
(भागीदार)
सदस्यता सं. 501529

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29 अगस्त, 2017

अनुबंध-ख 'अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट' के शीर्षक के अंतर्गत अनुच्छेद 2 के संदर्भ में उक्त तिथि को हमारी रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम) की धारा 143(3)(I) के अंतर्गत वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ('कंपनी) की दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार वित्तीय संसूचना पर आंतरिक नियंत्रणों की, उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के पृथक (स्टेंड अलोन) भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा को साथ में रखकर लेखा परीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का प्रबंधन इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ('आई सी ए आई') द्वारा जारी वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग निर्देशन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय संसूचना मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और रख-रखाव करने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में ऐसे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रख-रखाव शामिल है, जो कंपनी की नीतियों के अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की संरक्षा, धोखाधड़ी और चूकों की रोकथाम और पता लगाने, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित लेखांकन अभिलेखों की सटीकता एवं पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय सूचना को समय पर तैयार करने सहित कारोबार का समुचित और सक्षम संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से संचालित हो रहे थे।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय संसूचना पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करने की हैं। हमने वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग निर्देशन टिप्पणी ('मार्ग निर्देशन टिप्पण ी') और आई सी ए आई द्वारा जारी तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के लिए यथा लागू, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित माने गए लेखा परीक्षा संबंधी मानकों, जो दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के लिए लागू हैं और दोनों ही आईसीएआई द्वारा जारी किए गए हैं, के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों और मार्ग-निर्देशक टिप्पणी में यह अपेक्षित है कि नैतिक अपेक्षाओं का पालन किया जाए और इस संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना और निष्पादन किया जाए कि क्या वित्तीय संसूचना पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित किया गया था और क्या यह नियंत्रण सभी महत्त्वपूर्ण संबंधों में प्रभावी रूप से संचालित हुआ है।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता तथा उनकी प्रचालनीय प्रभावकारिता के संबंध में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करना, महत्त्वपूर्ण कमजोरियों की मौजूदगी के जोखिम का आकलन करना और आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं प्रचालनीय प्रभावकारिता की जांच व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षकों के निर्णय पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों की महत्त्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या चूकों के कारण हो, का आकलन करना शामिल है।

हम यह विश्वास करते हैं कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय संसूचना पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा राय को एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का तात्पर्य

एक कंपनी का वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो भारतीय लेखांकन मानक (भारतीय लेखांकन मानक) सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय संसचूना की विश्वसनीयता और वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करने के लिए बनाया गया है। एक कंपनी की वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में ऐसी नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो :-

1. ऐसे अभिलेखों के रख-रखाव से संबंधित है, जो तर्कसंगत विवरण में कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देनों तथा उनकी प्रकृति को सटीक और स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं;
2. समुचित आश्वासन प्रदान करती हैं कि लेन-देन को आवश्यकतानुसार सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए अनुमति के लिए दर्ज किया गया है और यह कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय कंपनी के प्रावधान और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किए जा रहे हैं;
3. कंपनी की ऐसी परिसंपत्तियों, जिनका वित्तीय विवरणों पर एक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग अथवा निपटान के निवारण अथवा समय पर पता लगाने के संबंध में समुचित आश्वासन प्रदान करती है।

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की मौजूदा सीमाएं

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की मौजूदा सीमाओं के कारण, जिनमें मिली-भगत अथवा अनुचित प्रबंधन की संभावना शामिल है, नियंत्रणों को ताक पर रखकर धोखाधड़ी अथवा चूक के कारण महत्त्वपूर्ण गलत विवरण हो सकते हैं और उनका पता भी नहीं चले। साथ ही, भावी अवधियों के लिए वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मूल्यांकन के अनुमान भी ऐसे जोखिम के अध्यधीन होते हैं, जिससे कि वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का परिमाण खराब हो सकता है।

राय

हमारी राय में जिनमें प्रबंधन के साथ हुई चर्चा और सहमति के अनुसार सुधार अपेक्षित हैं, उनमें कंपनी का सभी महत्त्वपूर्ण संबंधों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी है और ऐसा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार प्रभावी रूप से संचालित हो रहा था, जो आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग-निर्देशन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय संसूचना पर आंतरिक नियंत्रण के मानकों के आधार पर है।

कृते ग्रोवर, लाला ऐण्ड मेहता
चार्टर्ड लेखाकार
एफ आर एन 002830एन

ह./-
आलोक गोयल
(भागीदार)
सदस्यता सं. 501529
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29 अगस्त, 2017

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

'इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन' के सदस्यों को

समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने **इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन** ('इसे इसके बाद से धारित कम्पनी कहा गया है'), इसकी अनुषंगी कंपनियों '**कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन**' और '**तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन**' (धारित कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों को मिलाकर 'समूह' कहा गया है) और संयुक्त नियंत्रित संस्था '**राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र**' के समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की जांच कर ली है जिसमें 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष का समेकित तुलन-पत्र, आय और व्यय का समेकित विवरण (अन्य विस्तृत आय सहित), नकद प्रवाह का समेकित विवरण और इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण उस वर्ष के लिए कैश-फ्लो के समेकित विवरण एवं विशिष्ट गणना नीतियों का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल हैं (जिसे इसके बाद से 'समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण' कहा गया है)।

समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबन्धन का उत्तरदायित्व

धारित कम्पनी के निदेशक मंडल का उत्तरदायित्व कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की अपेक्षाओं के अनुसार ऐसे समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करना है जो समूह तथा संयुक्त नियंत्रित संस्था की समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय निष्पादन, अन्य व्यापक आय, समेकित कैश फ्लो एवं केवल समूह के नकद लेन-देन का सत्य एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करते हैं और अधिनियम की धारा 133 के अन्तर्गत लेखा मानकों सहित भारत के सामान्यत: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार हैं। समूह और इसकी संयुक्त नियंत्रित संस्था में शामिल किए गए कंपनी के संबंधित निदेशक मंडल के इस उत्तरदायित्व में कम्पनी की परिसंपत्तियों की संरक्षा और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचने और पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड रखने; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; तर्कसंगत और विवेक सम्मत निर्णय और आकलन करने; तथा ऐसे समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने संबंधी डिजाइन, कार्यान्वयन और आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण प्रबन्ध प्रस्तुतीकरण शामिल हैं जो सही एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करें जो भौतिक गलतबयानी से मुक्त हों, चाहे वह धोखाधड़ी या गलती से ही क्यों न हुए हों, जिनका उपरोक्त धारित कंपनी के निदेशकों द्वारा समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने के प्रयोजन से उपयोग किया गया है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारे द्वारा किये गए लेखापरीक्षण के आधार पर समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के विषय में अपना विचार प्रकट करना है। लेखा परीक्षा करते समय हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और लेखा परीक्षा मानकों तथा ऐसे मामलों को ध्यान में रखा है, जो अधिनियम और उसके अंतर्गत बने नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत लेखा परीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने आवश्यक हैं।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। जो भी मानक अपेक्षित हैं, उनकी अपेक्षाओं को हमने पूरा किया है और समेकित वित्तीय विवरणों के संबंध में यह उचित आश्वासन प्राप्त करके लेखा परीक्षा की है कि ये समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण गलत विवरण नहीं है।

किसी भी लेखा परीक्षा में धनराशि एवं समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण से सम्बन्धित घोषणा के विषय में लेखा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल होती है। प्रक्रिया चुनने और वित्तीय विवरण के विषय में जोखिम का आकलन एवं असत्य का पता लगाने का निर्णय लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करता है जो धोखाधड़ी और गलती से मुक्त हो। जोखिम का आकलन करने में लेखा परीक्षक धारित कम्पनी के समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों को तैयार करने एवं उसको उचित

रूप से प्रस्तुत करने में आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है जो उन परिस्थितियों में लेखापरीक्षण प्रक्रिया उचित हो। लेखापरीक्षण में लेखा गणना नीति का उचित कीमतांकन करना एवं धारित कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा किये गए लेखा अनुमान का उचित और समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों का समग्र प्रस्तुतीकरण करना भी होता है।

हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गए लेखा साक्ष्य और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा प्राप्त किए गए लेखा साक्ष्य, जो नीचे अन्य मामलों के अनुच्छेद में उल्लिखित उनकी रिपोर्ट के संदर्भ में हैं, समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर योग्य राय के अध्यधीन हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

योग्य राय के लिए आधार

(i) धारित कम्पनी (आई टी पी ओ) ने कार्य निष्पादन से संबंधित वेतन (पीआरपी) हेतु वर्ष के दौरान 184.00 लाख रुपये का प्रावधान किया है (संचित आधार पर 31.3.2017 के लिए 3264.00 लाख रुपये) और 31.3.2017 तक 1569.92 लाख रुपये कर्मचारियों को दीर्घावधिक ऋण एवं अग्रिम के रूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा योजना को अनुमोदित किए बिना जारी किए जैसा कि टिप्पणी संख्या 26 में उल्लिखित है। तदनुसार, वर्ष के दौरान व्यय से अधिक आय 184.00 लाख रुपये कम दिखाई गई और आरक्षित व अधिशेष धनराशि 3264.00 लाख रुपए कम दर्शाई गई और वर्तमान देनदारी शीर्ष के तहत प्रावधान 3264.00 लाख रुपए अधिक दिखाया गया।

(ii) धारित कंपनी (आई टी पी ओ) की आकस्मिक देनदारी में 1022.45 लाख रु. की एक सेवा की मांग व कारण बताओ नोटिस शामिल है, जिसमें से सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त द्वारा पारित आदेश के लिए 881.31 लाख रु. का वर्ष 2014-15 के दौरान भुगतान किया जा चुका है और शेष 141.14 लाख रु. की धनराशि भुगतान की जानी है, जैसा कि टिप्पणी सं. 39 (i) में स्पष्ट किया गया है। हमारी राय में भारतीय लेखांकन मानक 37 'प्रावधान, आकस्मिकता देनदारी और आकस्मिक परिसंपत्तियां' के अनुसार 881.31 लाख रु. का प्रावधान नहीं किया गया। तदनुसार, व्यय से अधिक आय अधिक बताई गई है और अन्य इक्विटी धनराशि इस धनराशि से अधिक बतायी गई है और वर्तमान देनदारी के अंतर्गत अल्पकालिक प्रावधान इसी धनराशि से कम दर्शाया गया है।

उपरोक्त पैरा (i) से (ii) में उल्लिखित योग्यता के निवल प्रभावस्वरूप वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय का 697.31 लाख रु. का अधिक विवरण और वर्तमान देनदारी और 31 मार्च, 2017 को 2382.69 लाख रु. अधिक और अन्य इक्विटी 2382.69 लाख रु. कम दर्शायी गयी है, जिसकी योग्य राय के आधार पर उपरोक्त मात्रा का उल्लेख किया गया है।

योग्य राय

हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण, उपर्युक्त योग्यता राय अनुच्छेद के लिए दिए गए विवरण के प्रभाव को छोड़कर, उपरोक्त समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार दिए गए हैं जो भारत में सामान्यत: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप समूह और संयुक्त नियंत्रित संस्था के समेकित कार्यों की वित्तीय स्थिति भारतीय लेखांकन मानक सहित का दिनांक 31 मार्च, 2017 और व्यय से अधिक समेकित आय तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के समेकित कैश फ्लों समेकित इक्विटी परिवर्तनों का एक सच्चा और सही दृश्य प्रकट करते हैं।

मामलों पर बल

हम निम्नलिखित मामलों पर ध्यान आकर्षित करते हैं :-

(i) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा धारा 10 (23 ग)(iv) के अंतर्गत छूट वापसी पर निर्णय लंबित रहते, समूह कंपनी तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशनल आर्गनाइजेशन (टीएनटीपीओ) द्वारा आयकर और आस्थगित कर के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया (संदर्भ टिप्पणी सं. 38 (ii) देखें।

(ii) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा धारा 10 (23 ग)(iv) के अंतर्गत छूट वापसी पर निर्णय लंबित रहते, समूह कंपनी कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (केटीपीओ) द्वारा आयकर और आस्थगित कर के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया (संदर्भ टिप्पणी सं. 38 (iii) देखें।

(iii) समूह कम्पनी, कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (के टी पी ओ) ने ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत अंतिम बिल की प्रमाणित प्रति के प्राप्त होने तक तथा स्वतंत्र लेखा-परीक्षक के द्वारा विधिवत प्रमाणित व्यय विवरण मिलने तक के आई ए डी बी की सलाह के आधार पर के आई ए डी बी के द्वारा पूरी की गई परियोजना की अपेक्षा के अनुसार बाह्य अवसंरचना के विकास के प्रति 585.00 लाख रु. लगाए हैं (देखें टिप्पणी सं. 50)।

(iv) संयुक्त रूप से नियंत्रित राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र (एन सी टी आई) ने अपनी बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया है कि एन सी टी आई को बंद करने की औपचारिकताएं शीघ्र शुरू की जाएं, जिससे इसके अनुमान प्रभावित हो रहे हैं (संदर्भ टिप्पणी सं. 55 (ग)) देखें।

(v) संयुक्त नियंत्रित संस्था राष्ट्रीय व्यापार सूचना केंद्र (एनसीटीआई) के पास वित्तीय वर्ष 1996-97 से 57.86 लाख रुपए की शेयर आवेदन धनराशि आबंटन किए जाने के लिए लंबित पड़ी हुई है, जिसमें से 34.00 लाख रुपए इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) और 23.86 लाख रुपए राष्ट्रीय व्यापार सूचना केंद्र को आबंटन के लिए लंबित है। कंपनी (एनसीटीआई) ने कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियमावली 2014 के प्रावधानों का उल्लेख किया है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

अन्य मामले

हमने दो अनुषंगी कंपनियों और एक संयुक्त नियंत्रित संस्था के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचना की लेखा परीक्षा नहीं की, जिनके भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण/ वित्तीय सूचना से दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार नीचे दी गई धनराशि की कुल परिसंपत्ति हिस्सा तथा कुल राजस्व हिस्सा और इसी तारीख को समाप्त वर्ष के निवल नकदी लेन-देन की लेखा परीक्षा नहीं की थी, जैसा कि समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में विचार किया गया है :

(रु. लाख में)

कम्पनियों का नाम	कुल परिसम्पत्तियां	कुल राजस्व	निवल नकद प्रवाह
अनुषंगी कम्पनियां			
कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन	12765.38	799.94	2.66
तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन	22563.62	4749.50	677.05
संयुक्त उद्यम			
राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र *	--	--	--
कुल	35329.00	5549.44	679.71

*इक्विटी पद्धति का उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र में निवेश को लेखा में लिया है।

इन भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों/ भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय सूचना की लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है जिसकी रिपोर्ट प्रबंधन ने हमें प्रस्तुत की है और समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक धनराशि और प्रकटीकरण का संबंध है, इन अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त नियंत्रित संस्था के संबंध में शामिल किए गए हैं और अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (3) और (11) के प्रावधानों के अनुसार हमारी रिपोर्ट, जहां तक उपरोक्त अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त नियंत्रित संस्था का संबंध है, केवल अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और निम्नलिखित अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर हमारी रिपोर्ट पर किए गए कार्य और रिपोर्ट पर हमारी निर्भरता से संबंधित उपरोक्त मामले तथा अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचना की रिपोर्ट संशोधित नहीं की गई है।

अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं से संबधित रिपोर्ट

1. अधिनियम की धारा 143 (3) में यथा अपेक्षित, हमारी लेखा परीक्षा पर आधारित तथा 'अन्य मामलों' में नोट किए अनुसार अलग भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों एवं अनुषंगी कम्पनियों तथा संयुक्त रूप से नियंत्रित कम्पनी की अन्य वित्तीय सूचना के बारे में अन्य लेखा परीक्षकों की अन्य रिपोर्ट पर विचार करते हुए यथा लागू सीमा तक हम रिपोर्ट करते हैं कि-

(क) हमने योग्य राय के आधार पर उल्लिखित मदों को छोड़कर, सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जो कि हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के उद्देश्य से पूर्वोक्त भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण हेतु आवश्यक थे।

(ख) हमारी राय में उपरोक्त समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में कानूनन अपेक्षित लेखा बहियों का समुचित रख-रखाव किया गया है, जैसा कि इन बहियों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

(ग) इस रिपोर्ट में शामिल समेकित तुलन पत्र, समेकित आय और व्यय का का विवरण भारतीय लेखांकन मानक समेकित विवरण, कैश फ्लो का समेकित विवरण इक्विटी में बदलाव का समेकित विवरणों को तैयार करने के प्रयोजन से रखी गई लेखा बहियों से मेल खाता है।

(घ) हमारी राय में उपरोक्त समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरण भारतीय लेखांकन मानक 37 को छोड़कर, इसमें जारी किए प्रासंगिक नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के साथ 'प्रावधान, आकस्मिक देनदारी और आकस्मिक परिस्थितियां' के अलावा मेल खाते हैं, जैसा कि योग्य राय के आधार के अनुच्छेद (ii) में उल्लेख किया गया है।

(ङ) योग्य राय के लिए आधार के उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित मामला हमारी राय में समूह और संयुक्त नियंत्रित संस्था की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

(च) कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी जीएसआर 463 (ङ), दिनांक 05.06.2015 की अधिसूचना के आधार पर कम्पनी धारा 164 (2) के अंतर्गत समूह और संयुक्त नियंत्रित संस्था पर लागू नहीं है जो निदेशकों की अयोग्यता के बारे में है।

(छ) समूह कंपनी, अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त नियंत्रित कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता तथा ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनीय प्रभावकारिता के संबंध में हमारी पृथक रिपोर्ट 'अनुबंध - क' में दी गई है और

(ज) कम्पनी (लेखा परीक्षा और लेखा-परीक्षक) संशोधन नियमावली, 2017 के साथ पठित कम्पनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार है तथा 'अन्य मामलों' अनुच्छेद में नोट किए अनुसार संयुक्त नियंत्रित संस्था के अलग भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों तथा अन्य वित्तीय सूचना के बारे में अन्य लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर है :-

(i) वित्तीय भारतीय लेखांकन मानक विवरणों में कम्पनियों और उसकी संयुक्त नियंत्रित संस्था की समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के विवरण 36 देखें। वित्तीय स्थिति पर लंबित विवाद के पड़ने वाले प्रभाव को प्रकट किया है।

(ii) समूह की कम्पनियां और संयुक्त नियंत्रित संस्था का ऐसा कोई दीर्घावधिक अनुबंध और विचलन अनुबंध नहीं था, जिनके लिए कोई बड़ी स्पष्ट हानि हो।

(iii) निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष के प्रावधान समूह की कम्पनियों और संयुक्त नियंत्रित संस्था पर लागू नहीं होते।

(iv) समूह की कम्पनियों और उसकी संयुक्त नियंत्रित संस्था ने समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 11 में 8 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 की अवधि के दौरान विशिष्ट बैंक नोटों के धारण और कार्रवाई के लिए समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों में अपेक्षित प्रकटन उपलब्ध कराया है। लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं और प्रबंधन की सूचना पर भरोसा करते हुए हम रिपोर्ट करते हैं कि यह प्रकटन समूह कम्पनियों और उसकी संयुक्त नियंत्रित संस्था के द्वारा बनायी गई लेखा-पुस्तकों के अनुसार है।

कृते ग्रोवर, लाला ऐण्ड मेहता
चार्टर्ड लेखाकार
एफ आर एन 002830एन

ह./-
आलोक गोयल
(भागीदार)
सदस्यता सं. 501529

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29 अगस्त, 2017

अनुबंध-क 'अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं से संबंधित रिपोर्ट' के शीर्षक के अंतर्गत अनुच्छेद 1(जी) के संदर्भ में उक्त तिथि को हमारी रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143(3)(I) के अंतर्गत वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ('इसके पश्चात इसे धारित कंपनी कहा गया है') और इसकी अनुषंगी कम्पनियों तथा संयुक्त नियंत्रित संस्था, जो भारत में निगमित कम्पनियां हैं, दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार वित्तीय संसूचना पर आंतरिक नियंत्रणों की, उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समूह के समेकित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा को साथ में रखकर लेखा परीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

धारित कंपनी, इसकी अनुषंगी कम्पनियों तथा संयुक्त नियंत्रित संस्था, जो भारत में निगमित कम्पनियां हैं, का संबंधित निदेशक मंडल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ('आई सी ए आई') द्वारा जारी वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग-निर्देशन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय संसूचना मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और रख-रखाव करने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में ऐसे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रख-रखाव शामिल है, जो कंपनी की नीतियों के अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की संरक्षा, धोखाधड़ी और चूकों की रोकथाम और पता लगाने, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित लेखांकन अभिलेखों की सटीकता एवं पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय सूचना को समय पर तैयार करने सहित कारोबार का समुचित और सक्षम संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से संचालित हो रहे थे।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय संसूचना पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करने की हैं। हमने वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग-निर्देशन टिप्पणी ('मार्ग-निर्देशन टिप्पणी') और आई सी ए आई द्वारा जारी तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के लिए यथा लागू, अधिनियम की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित माने गए लेखा परीक्षा संबंधी मानकों, जो दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा के लिए लागू हैं और दोनों ही आईसीएआई द्वारा जारी किए गए हैं, के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों और मार्ग-निर्देशक टिप्पणी में यह अपेक्षित है कि नैतिक अपेक्षाओं का पालन किया जाए और इस संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की योजना और निष्पादन किया जाए कि क्या वित्तीय संसूचना पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित किया गया था और क्या यह नियंत्रण सभी महत्त्वपूर्ण संबंधों में प्रभावी रूप से संचालित हुआ है।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता तथा उनकी प्रचालनीय प्रभावकारिता के संबंध में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की एक जानकारी प्राप्त करना, महत्त्वपूर्ण कमजोरियों की मौजूदगी के जोखिम का आकलन करना और आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं प्रचालनीय प्रभावकारिता की जांच व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षकों के निर्णय पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों की महत्त्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या चूकों के कारण हो, का आकलन करना शामिल है।

हम यह विश्वास करते हैं कि नीचे योग्य राय अनुच्छेद में उल्लिखित मामलों को छोड़कर, जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं और नीचे अन्य मामलों के अनुच्छेद में उल्लिखित उनकी रिपोर्ट के अनुसार अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य उपरोक्त संस्थाओं की वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा राय को एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का तात्पर्य

एक कंपनी का वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है, जो सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों भारतीय लेखांकन मानक (भारतीय लेखांकन मानक) के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय संसचूना की विश्वसनीयता और वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करने के लिए बनाया गया है। एक कंपनी की वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में ऐसी नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो :-

1. ऐसे अभिलेखों के रख-रखाव से संबंधित है, जो तर्कसंगत विवरण में कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन-देनों तथा उनकी प्रकृति को सटीक और स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं;
2. समुचित आश्वासन प्रदान करती हैं कि लेन-देन को आवश्यकतानुसार सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए अनुमति के लिए दर्ज किया गया है और यह कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय कंपनी के प्रावधान और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किए जा रहे हैं;
3. कंपनी की ऐसी परिसंपत्तियों, जिनका वित्तीय विवरणों पर एक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग अथवा निपटान के निवारण अथवा समय पर पता लगाने के संबंध में समुचित आश्वासन प्रदान करती है।

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की मौजूदा सीमाएं

वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की मौजूदा सीमाओं के कारण, जिनमें मिलीभगत अथवा अनुचित प्रबंधन की संभावना शामिल है, नियंत्रणों को ताक पर रखकर धोखाधड़ी अथवा चूक के कारण महत्त्वपूर्ण गलत विवरण हो सकते हैं, और उनका पता भी नहीं चले। साथ ही, भावी अवधियों के लिए वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मूल्यांकन के अनुमान भी ऐसे जोखिम के अध्यधीन होते हैं, जिससे कि वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का परिमाण खराब हो सकता है।

योग्य राय

समूह कम्पनी, कनार्टक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन की निम्नलिखित कमियों के बारे में उनके लेखा-परीक्षकों के द्वारा पहचान की गई है :-

(क) कम्पनी की स्टॉफ संख्या कम होने से आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और उसके प्रचालन की प्रभावकारिता प्रभावित हो रही है।

(ख) विभिन्न कानूनों के लागू प्रावधानों का पालन करने के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां अपर्याप्त हैं, जिसकी वजह से अतिरिक्त करों और क्षतियों का भुगतान दिया जा सकता है।

हमारी राय में हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा नीचे अन्य मामलों के अनुच्छेद में उल्लिखित अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट को ध्यान में रखकर, ऊपर योग्य राय के अनुच्छेद में उल्लिखित मामलों को छोड़कर, धारक कम्पनी, उसकी अनुषंगी कम्पनी और उसकी संयुक्त नियंत्रित संस्था, जो भारत में निगमित कम्पनियां हैं, उनके सभी महत्त्वपूर्ण संबंधों में वित्तीय संसूचना पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है और वित्तीय संसूचना पर ऐसा आंतरिक नियंत्रण 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार प्रभावी रूप से संचालित हो रहा था, जो आईसीएआई द्वारा जारी वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी मार्ग-निर्देशन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय संसूचना पर आंतरिक नियंत्रण के मानकों के आधार पर है।

अन्य मामले

दो अनुषंगी कम्पनियां और एक संयुक्त नियंत्रित संस्था है, जो भारत में निगमित कम्पनी है, के संबंध में वित्तीय संसूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रचालनीय प्रभावकारिता पर अधिनियम की धारा 143(3)(i) के अंतर्गत हमारी उपरोक्त रिपोर्ट भारत में निगमित ऐसी कम्पनी की अनुकूल रिपोर्ट पर आधारित है।

कृते ग्रोवर, लाला ऐण्ड मेहता
चार्टर्ड लेखाकार
एफ आर एन 002830एन

ह./-
आलोक गोयल
(भागीदार)
सदस्यता सं. 501529

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29 अगस्त, 2017

अनुबंध-IV

भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अधीन भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कम्पनी प्रबन्धन की है। अधिनियम की धारा 139(5) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी अधिनियम की धारा 143(10) में निर्धारित लेखा परीक्षा मानकों के अनुरूप स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर अधिनियम 139 (5) के साथ पठित अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है। इसे 29 अगस्त 2017 की उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा कर लिया गया बताया गया है।

मैंने, भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143 (6) (क) के अंतर्गत 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के समेकित वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षकों के परिकलन दस्तावेज के बिना स्वतन्त्र रूप से की गई है और यह सांविधिक लेखापरीक्षकों एवं कम्पनी के कर्मचारियों से प्रारम्भिक पूछताछ और रिकार्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है। मेरे द्वारा की गई लेखा परीक्षा के आधार पर ऐसी कोई महत्त्वपूर्ण बात मेरी जानकारी में नहीं आई है जिसकी वजह से सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने अथवा उस पर अनुपूरक रिपोर्ट देने की आवश्यकता पड़ी हो।

कृते एवं भारत के नियन्त्रक तथा महा लेखापरीक्षक की ओर से
ह./-
(नीलेश कुमार साह)
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा प्रधान निदेशक
एवं लेखा परीक्षा बोर्ड-I के पदेन सदस्य
नई दिल्ली

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 सितम्बर, 2017

अनुबंध-V

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरणों से संबंधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के साथ पठित धारा 129 (4) के अधीन भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कम्पनी प्रबन्धन की है। अधिनियम की धारा 139 (5) के साथ पठित धारा 129 (4) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी अधिनियम की धारा 143(10) द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा मानकों के अनुरूप स्वतन्त्र लेखा परीक्षा के आधार पर आधारित अधिनियम की धारा 143 के साथ पठित धारा 129 (4) के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है। इसे 29 अगस्त, 2017 को उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा कर लिया बताया गया है।

मैंने, भारत के नियन्त्रक एवं महा लेखापरीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143 (6) (क) के साथ पठित धारा 129 (4) के अन्तर्गत 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के समेकित वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की है। उक्त तिथि को हमने इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन और राष्ट्रीय व्यापार सूचना केन्द्र के वित्तीय विवरणों से संबंधित अनुपूरक लेखा परीक्षा की है परंतु कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरणों से सम्बंधित अनुपूरक लेखा परीक्षा नहीं की है। यह अनुपूरक लेखा परीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के परिकलन दस्तावेज के बिना स्वतन्त्र रूप से की गई है और यह सांविधिक लेखापरीक्षकों एवं कम्पनी के कर्मचारियों से प्रारम्भिक पूछताछ और कुछ लेखा रिकार्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है।

मेरे द्वारा की गई लेखा परीक्षा के आधार पर ऐसी कोई महत्त्वपूर्ण बात मेरी जानकारी में नहीं आई है जिसकी वजह से सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने अथवा उस पर अनुपूरक रिपोर्ट देने की आवश्यकता पड़ी हो।

कृते एवं भारत के नियन्त्रक तथा महा लेखापरीक्षक की ओर से
ह./-
(नीलेश कुमार साह)
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा प्रधान निदेशक
एवं लेखा परीक्षा बोर्ड-I के पदेन सदस्य
नई दिल्ली

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 सितम्बर, 2017

अनुबन्ध-VI

कारपोरेट गवर्नेंस से संबंधित रिपोर्ट

1. कम्पनी की गवर्नेंस फिलासफी

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख व्यापार संवर्धन एजेंसी - इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) देश द्वारा विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से व्यापार, वाणिज्य एवं गवर्नेंस में प्राप्त की गई उत्कृष्ट उपलब्धियों की झांकी प्रस्तुत करता है।

आई टी पी ओ सरकार की नीतियों के प्रति पूर्णत: समर्पित रहते हुए प्रबन्धन को आवश्यक संरक्षण, सशक्तिकरण और जवाबदेही प्रदान करने के लिए अच्छे कारपोरेट गवर्नेंस के प्रति पूर्णत: वचनबद्ध है। आई टी पी ओ की गवर्नेंस प्रक्रिया, इसके उद्देश्य - 'उद्योग एवं व्यापार जगत को व्यापक स्तर पर सुविधाएं प्रदान करने तथा भारत का व्यापार बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने' पर केन्द्रित है। कम्पनी कारपोरेट गवर्नेंस के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करती है।

आई टी पी ओ के मुख्य कार्यकलाप और सेवाएं हैं:

- भारत तथा विदेशों में ऐसे मेले एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से औद्योगिक व्यापार का संवर्धन, आयोजन और भागीदारी करना तथा देश के व्यापार को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक एवं आकस्मिक उपाय करना।
- भारत में आयोजित किए जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेलों एवं प्रदर्शनियों का भारत तथा विदेशों में प्रचार करना तथा इनमें भाग लेने के लिए विदेशी भागीदारी जुटाना।
- भारत तथा विदेशों में ऐसे मेले एवं प्रदर्शनियों का आयोजन करना जो व्यापार वस्तुओं से संबंधित हों।
- निर्यात को बढ़ाना एवं परम्परागत वस्तुओं के लिए नये बाजारों को तलाशना और नये उत्पादों के लिए निर्यात का विकास करना ताकि निर्यात व्यापार का अनुरक्षण, विविधीकरण और विस्तार हो।
- छोटे एवं मझौले उद्यमों को भारत एवं भारत से बाहर, दोनों जगह बाजार सुलभ कराने में समर्थन व सहायता करना।
- व्यापार सम्बन्धी डाटाबेस तैयार करना तथा उसे अद्यतन करना और भारत में व्यापार एवं उद्योग जगत के बीच उनका प्रचार-प्रसार करना।
- व्यापार संबंधी विषयों पर सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करना।
- व्यापार संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपने प्रदर्शनी हॉल एवं सुविधाएं अन्य आयोजकों को किराए पर देना।

कम्पनी द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस से संबंधित दिशा-निर्देशों का अनुपालन तथा उस बारे में कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षाओं का विवरण नीचे दिया गया है :

2. निदेशक मण्डल

2.1 निदेशक मण्डल का आकार

आई टी पी ओ कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अनुसार (अब धारा 8) और इस समय इसकी कुल चुकता शेयर पूंजी का 100 प्रतिशत भाग भारत के राष्ट्रपति के पास है। इसके अन्तर्नियमों के अनुसार, इसके निदेशक नियुक्त करने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है। कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार, निदेशकों की संख्या चार से कम तथा बारह से अधिक नहीं होगी।

2.2 निदेशक मण्डल की संरचना

निदेशक मण्डल में कुल 7 निदेशक हैं जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सहित 2 कार्यात्मक निदेशक तथा 4 निदेशक भारत सरकार द्वारा नामित तथा 1 स्वतंत्र निदेशक है।

श्री एल. सी. गोयल ने आई टी पी ओ के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का कार्यभार 2 सितंबर, 2015 को ग्रहण किया ।

2.3 निदेशक मण्डल की बैठकें और उनमें उपस्थिति

निदेशक मण्डल की बैठकें प्राय: कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में होती हैं। सामान्यत: इन बैठकों की तिथि पर्याप्त समय पहले तय हो जाती है तथा इसकी सूचना, बोर्ड की विस्तृत कार्यसूची, प्रबंधन रिपोर्ट तथा बोर्ड की अन्य स्पष्टीकरण टिप्पणियां निदेशकों में परिचालित की जाती है। निदेशक मण्डल के सदस्यों को कम्पनी के बारे में संपूर्ण जानकारी मिलती है। निदेशक मण्डल द्वारा बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा की जाती है उनके बारे में अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी देने हेतु इन बैठकों में प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमन्त्रित किया जाता है।

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बोर्ड की 4 बैठकें क्रमश: 27 जून, 2016, 24 अगस्त, 2016, 29 सितंबर, 2016 और 28 फरवरी, 2016 को हुई।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति वाली बैठकों की संख्या, पिछली वार्षिक आम बैठक (ए जी एम) में उपस्थिति और अन्य निदेशकों (बॉडी कारपोरेट)(आई टी पी ओ के अलावा) की संख्या का विवरण नीचे सारिणी में दिया गया है:

क्र. सं.	निदेशक का नाम	बोर्ड की बैठकें		अंतिम वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति (29 सितंबर 2016)	31 मार्च, 2017 को यथास्थिति (अन्य निदेशकों की संख्या)
		कार्यकाल में हुई बैठकें	उपस्थिति		
1.	श्री एल. सी. गोयल	4	4	हां	2 (केटीपीओ और टीएनटीपीओ)
2.	श्रीमती शुभ्रा सिंह	3	3	हां	4 (केटीपीओ, टीएनटीपीओ डब्ल्युबीटीपीओ, एनसीटीआई)
3.	श्री रजनीश	1	1	नहीं	4 (केटीपीओ, टीएनटीपीओ डब्ल्युबीटीपीओ, एनसीटीआई)
4.	श्री जे. के. डाडू	4	3	नहीं	6 (एमएमटीसी, एसटीसी, एनटीसी, एनजेएमसी, सीसीआई, एनआईएफटी)
5.	श्री मनोज जोशी	4	3	हां	5 (एनएसआईसी, डीएसआईआईडीसी)
6.	श्री संजय चड्ढा	4	3	हां	-
7.	श्री के. नागराज नायडू	4	4	हां	4 (ईईपीसी, आईआईएफटी, जीआईटीए, इन्वेस्ट इण्डिया, डब्ल्यूएपीसीओएस)
8.	श्री पी. एन. विजय	4	4	हां	4 (डाबर इण्डिया लिमि., आईएलएफए, एमएसएल, एच ऐण्ड बी स्टोर्स लिमि.)

2.4 निदेशक मण्डल को दी जाने वाली अपेक्षित जानकारी

निदेशक मण्डल को कम्पनी के बारे में सभी जानकारियां दी जाती हैं। उन्हें ये जानकारियां नियमित रूप से दी जाती हैं:-

1. वार्षिक परिचालन योजनाएं और बजट तथा कोई भी अद्यतन जानकारी।
2. वार्षिक लेखे, निदेशकों की रिपोर्ट आदि।
3. लेखा परीक्षा समिति तथा निदेशक मण्डल की अन्य समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त।

4. प्रमुख निवेश, अनुषंगी कम्पनियों, संयुक्त उद्यमों और महत्त्वपूर्ण अनुबंधों आदि की जानकारी।
5. बड़े ठेके देना।
6. निदेशकों द्वारा किन्हीं अन्य कम्पनियों में निदेशक बनने तथा समितियों में उनकी हैसियत-इनमें उनके हित का खुलासा।
7. विभिन्न चालू परियोजनाओं/ स्कीमों तथा उनमें बजट के उपयोग की स्थिति रिपोर्ट।
8. वेतन समझौते पर हस्ताक्षर करने आदि जैसे मानव संसाधन/ औद्योगिक संबंध विषयक कोई भी महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम।
9. किसी भी नियामक, विधायी एवं शेयरधारकों संबंधी सेवा का अनुपालन नहीं होना।
10. अधिशेष धनराशि का अल्पकालिक निवेश।
11. कम्पनी अधिनियम की अपेक्षाओं सहित भौतिक रूप से महत्त्वपूर्ण अन्य जानकारी।

3. निदेशक मण्डल की समितियां

निदेशक मण्डल ने निम्नलिखित समितियां गठित की हैं:

(i) लेखा परीक्षा समिति

(ii) पारिश्रमिक समिति

(iii) सी एस आर समिति

3.1 लेखा परीक्षा समिति की संरचना, वर्ष 2016-17 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकें तथा उनमें उपस्थिति

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने कारपोरेट गवर्नेन्स का अनुपालन किया है। तीन लेखा परीक्षा समिति की क्रमश: 27 जून, 2016, 24 अगस्त, 2016 और 28 फरवरी, 2017 को तीन बैठकें हुईं।

क्र.सं.	समिति के सदस्यों के नाम	पदनाम	समिति में धारित पद	बैठकें	
				कार्यकाल के दौरान बैठकें	उपस्थिति
1.	श्री पी. एन. विजय	स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष	2	2
2.	श्री जे. के. डाडू	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	3	3
3.	श्री मनोज जोशी	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	3	1
4.	श्रीमती शुभ्रा सिंह	कार्यात्मक निदेशक	सदस्य	2	2
5.	श्री रजनीश	कार्यात्मक निदेशक	सदस्य	1	1
6.	श्री के. नागराज नायडू	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	3	3
7.	श्री संजय चड्ढा	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	3	0

3.2 पारिश्रमिक समिति की संरचना, वर्ष 2016-17 के दौरान इसकी बैठकें तथा उनमें उपस्थिति

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है।

क्र. सं.	पारिश्रमिक समिति के सदस्यों के नाम	पदनाम	पारिश्रमिक समिति में पद	बैठकें	
				कार्यकाल के दौरान	उपस्थिति
1.	श्री पी. एन. विजय	स्वतंत्र सरकारी निदेशक	अध्यक्ष	0	0
2.	श्री जे. के. डाडू	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	0	0
3.	श्री मनोज जोशी	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	0	0
4.	श्री के. नागराज नायडू	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	0	0
5.	श्री संजय चड्ढा	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	0	0
6.	श्री रजनीश	कार्यात्मक निदेशक	सदस्य	0	0

वर्ष 2016-17 के दौरान, पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

3.3 वर्ष 2016-17 के दौरान, सी एस आर समिति का गठन, इसकी बैठकें और उपस्थिति

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने सार्वजनिक उद्यम विभाग/ कम्पनी अधिनियम 2013 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया।

क्र. सं.	सी एस आर समिति के सदस्यों के नाम	पदनाम	सी एस आर समिति में पद	बैठकें	
				कार्यकाल के दौरान	उपस्थिति
1.	श्री जे. के. डाडू	अंशकालिक सरकारी निदेशक	अध्यक्ष	2	2
2.	श्री मनोज जोशी	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	2	1
3.	श्री संजय चड्ढा	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य	2	1
4.	श्री पी. एन. विजय	स्वतंत्र सरकारी निदेशक	सदस्य	2	2
5.	श्री रजनीश	कार्यात्मक निदेशक	सदस्य	2	2

वर्ष 2016-17 के दौरान सी एस आर समिति की 2 बैठकें हुई।

4. निदेशकों का पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक तथा कार्यकारी निदेशक को उनकी नियुक्ति की शर्तों तथा उन पर लागू भारत सरकार के नियमों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है। यह कम्पनी निदेशक मण्डल की अथवा निदेशक मण्डल की उप-समिति की बैठकों में भाग लेने वाले प्रत्येक अंशकालिक स्वतन्त्र निदेशक को 20,000 रुपये प्रति बैठक सीटिंग फीस देती है। परन्तु कम्पनी अंशकालिक सरकारी नामित निदेशकों को कोई फीस नहीं देती है।

5. आम सभा की बैठकें

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के आयोजन की तिथि, समय और स्थान का विवरण इस प्रकार है:-

वर्ष	तिथि	समय	स्थान	विशेष संकल्प
2013-14	23.09.2014	दोपहर 12.00 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001	शून्य
2015-16	29.09.2015	दोपहर 12.30 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001	शून्य
2016-17	29.09.2016	दोपहर 12.00 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001	शून्य

6. प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर)

(i) सम्बन्धित पार्टियों के साथ किये गये लेन-देन कम्पनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार प्रकट किए गए हैं।

(ii) आई टी पी ओ लागू लेखा मानकों का अनुपालन कर रहा है। केवल सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय विवरण की जांच के बाद ही बोर्ड और शेयरधारकों द्वारा वित्तीय विवरण पारित किये जाते हैं।

(iii) पिछले तीन वर्ष के दौरान, कम्पनी पर सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों से संबंधित किसी मामले के बारे में सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कोई दण्ड अथवा अवक्षेप नहीं लगाया गया है।

(iv) व्हिसल ब्लोअर नीति के बारे में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद में नीति प्रतिपादित और कार्यान्वित की गई है।

(v) आई टी पी ओ के निदेशक मंडल/ वरिष्ठ प्रबन्धन का अपना कोई व्यक्तिगत हित नहीं है जिसका कम्पनी के हितों के साथ कोई सम्भावित टकराव हो।

(vi) लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार एक व्यापक जोखिम प्रबन्धन नीति को निदेशक मंडल ने 26.03.2013 को अनुमोदन कर दिया था तथा तब से ही यह कार्यान्वित की गयी है।

(vii) लेखा बहियों में व्यय की ऐसी कोई मद दर्ज नहीं की गयी जो संगठन के प्रयोजन के लिए नहीं थी।

(viii) निदेशक मण्डल के सदस्यों के लिए कोई निजी व्यय कम्पनी की निधि से नहीं किया गया।

7. संचार के साधन

यह कम्पनी, धारा 25 (अब नए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के अन्तर्गत एक गैर-सूचीबद्ध कम्पनी है और इसीलिए इसके लिए तिमाही/ छ:माही परिणामों की जानकारी सूचीबद्ध कंपनियों की तरह नहीं दी जाती।

8. लेखा परीक्षा योग्यता

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए लेखा परीक्षा निष्कर्ष/ टिप्पणियां, यदि कोई हों तो, तथा प्रबन्धन के उत्तर निदेशकों की रिपोर्ट में शामिल किये गये हैं।

9. बोर्ड के निदेशकों का प्रशिक्षण

निदेशकों को प्रशिक्षण निदेशकों की जरूरत के अनुसार प्रदान किया जा रहा है।

10. व्हिसिल ब्लोवर नीति

आई टी पी ओ ने अपनी व्हिसिल ब्लोवर नीति बनायी है तथा इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से कार्यान्वित किया गया है।

11. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

आई टी पी ओ ने लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों और कम्पनी अधिनियम के अनुसार एक सी एस आर समिति का गठन किया है जो सी एस आर गतिविधियों की समीक्षा करती है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सीएसआर नीति के अनुसरण में तत्काल पूर्व के तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, कंपनी को हुए औसत निवल लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत खर्च करना है। वर्ष 2013-14, 2014-15 और 2015-16 के दौरान, आई टी पी ओ द्वारा अर्जित औसत निवल लाभ का 3.68 करोड़ रु. (लगभग) था, जिसका 2 प्रतिशत आई टी पी ओ को वर्ष 2016-17 के लिए अपने सी एस आर क्रियाकलापों पर खर्च करना पड़ा। इसके अलावा 2.53 करोड़ रु. (लगभग) की अव्ययित शेष धनराशि, जिसे आई टी पी ओ वर्ष 2015-16 के लिए सी एस आर क्रियाकलापों पर खर्च नहीं कर सका था, उसे आगे ले जाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप यह धनराशि कुल 6.21 करोड़ रु. (लगभग) हो गई, जिसे वर्ष 2016-17 के लिए सी एस आर क्रियाकलापों के लिए खर्च करने के लिए रखा गया है।

वर्ष 2016-17 के लिए आई टी पी ओ ने भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत कोष' और 'गंगा सफाई कोष' के लिए प्रत्येक के लिए एक-एक करोड़ रु. का अंशदान करके स्वच्छ भारत को बढ़ावा देने हेतु अपने प्रयासों को जारी रखा। इसके अलावा, दो एम्बुलेंसों के लिए प्रत्याभूति, मिड-डे-मील कार्यक्रम के तहत स्कूलों में पका हुआ भोजन पहुंचाने के लिए पांच वितरण वाहनों की प्रत्याभूति, खादी शिल्पकारों को चरखें (प्रति चरखा 13,500 रु. पर 200 चरखे) दान दी गई तथा स्वास्थ्य मंत्री के कैंसर रोगी कोष के लिए अंशदान जैसे 0.92 करोड़ रु. की धनराशि के प्रस्ताव क्रियान्वयाधीन हैं।

अनुबंध-VII

कारपोरेट गवर्नेंस अनुपालन प्रमाण-पत्र

सेवा में,
सदस्यगण,

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन,
नई दिल्ली

हमने, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस के लिए दिनांक 14 मई, 2010 को जारी की गयी अधिसूचना सं. 18(8)/2005-जीएम में यथा विनिर्दिष्ट अनुसार 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस दिशा-निर्देशों के अनुपालन की जांच कर ली है। कंपनी के दिनांक 01/04/2016 से 31/03/2017 तक की अवधि के सांविधिक अभिलेखों की जांच के दौरान, हमने पाया कि कम्पनी ने दिनांक 10/06/2016 से एक स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। अतः कंपनी के कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 की उप धारा (4) और कम्पनी अधिनियम 2013 के लागू उपबंधों तथा साथ ही सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों की अपेक्षाओं का पालन किया है।

कारपोरेट गवर्नेंस संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। हमारी जांच उपरोक्त मार्ग-निर्देशों में यथानिर्दिष्ट कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कम्पनी द्वारा अपनाई गयी प्रक्रिया और उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो कम्पनी के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा है और न ही उनके बारे में राय की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार, हम यह प्रमाणित करते हैं कि कम्पनी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों में यथाविहित रूप में कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया।

हमारा यह भी कथन है कि इस तरह का अनुपालन न तो कम्पनी की भावी जीवन क्षमता और न ही उसकी कार्यकुशलता अथवा प्रभावकारिता का आश्वासन है जिससे प्रबन्धन ने कम्पनी के कार्यों का संचालन किया है।

कृते राजेश मित्तल ऐण्ड एसोसिएट्स
कम्पनी सचिव

ह./-
(राजेश मित्तल)
(सदस्यता संख्या ए सी एस 13275, सीपी सं. 3254)

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 14.08.2017

इण्डिया ट्रेड
प्रमोशन आर्गनाइजेशन

अनुबंध-VIII

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

(भारत सरकार का उद्यम)

प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110 001

फोन: 011-23371540, 23371491, फैक्स: 011-23371492

ई-मेल: info@itpo.gov.in, वेबसाइट: www.indiatradefair.com

घोषणा

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट गवर्नेंस के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस बात की पुष्टि की जा रही है कि निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबन्धन कार्मिकों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में कम्पनी की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

ह./-
(एल. सी. गोयल)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 31.07.2017

अनुबंध-IX

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

1. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संपोषण में क्षमता निर्माण, समुदायों का सशक्तिकरण, समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं ऊर्जा क्षम प्रौद्योगिकियों का संवर्धन, पिछड़े क्षेत्रों का विकास, समाज के अति पिछड़ों और वंचित वर्गों का उत्थान करने पर बल दिया गया है।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संपोषण के संबंध में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, कंपनी अधिनियम 2013 एवं उसके तहत लागू नियमों का सख्ती से पालन कर रहा है। कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों/ कार्यकलापों का कार्यान्वयन अनुमोदन/ मॉनिटरिंग के अनुसार किया जाएगा। आई टी पी ओ की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति का विस्तृत विवरण http://indiatrade fair.com/information/details/csr_initiative पर उपलब्ध है।

आई टी पी ओ, सी एस आर कार्यकलापों/ पहलों के अंतर्गत विभिन्न समुदायों के कल्याण के लिए सक्रिय योगदान कर रहा है। आई टी पी ओ ने वर्ष 2011-12 से 2013-14 तक आशा किरण होम, कुष्ठ रोगियों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग को सहायता प्रदान की। वर्ष 2014-15 में, आई टी पी ओ ने भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत कोष' में अंशदान किया तथा सी एस आर के अंतर्गत भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला-2014 में दिल्ली में चमड़ा सामान बनाने वाले छोटे शिल्पकारों को उनके उत्पादों को प्रदर्शन करने हेतु नि:शुल्क स्थान उपलब्ध कराया।

वर्ष 2015-16 के लिए, आई टी पी ओ ने भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत कोष' और 'गंगा सफाई कोष' के लिए प्रत्येक के लिए एक-एक करोड़ रु. का अंशदान दिया। इसके अलावा, नेत्रहीन कल्याण, दिव्यांगों, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग और समाज के कमजोर वर्गों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, अनाथों और बेसहारा बच्चों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, दिव्यांगों को व्हीलचेयरों का वितरण, भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण, युद्ध में विधवा हुई महिलाओं/ अशक्तों और उनके आश्रितों के कल्याण, गरीब तबके के कलाकारों के कल्याण जैसे क्रियाकलापों के संबंध में प्रस्ताव वर्ष 2015-16 के लिए आई टी पी ओ की सी एस आर पहल के अंतर्गत निष्पादित किया गया है।

वर्ष 2016-17 के लिए आई टी पी ओ ने भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत कोष' और 'गंगा सफाई कोष' के लिए प्रत्येक के लिए एक-एक करोड़ रु. का अंशदान करके स्वच्छ भारत को बढ़ावा देने हेतु अपने प्रयासों को जारी रखा। इसके अलावा, दो एम्बुलेंसों के लिए प्रत्याभूति, मिड-डे-मील कार्यक्रम के तहत स्कूलों में पका हुआ भोजन पहुंचाने के लिए पांच वितरण वाहनों की प्रत्याभूति, खादी शिल्पकारों को चरखें (प्रति चरखा 13,500 रु. पर 200 चरखे) दान करना तथा स्वास्थ्य मंत्री के कैंसर रोगी कोष के लिए अंशदान जैसे 0.92 करोड़ रु. की धनराशि के प्रस्ताव क्रियान्वयाधीन हैं।

2. आई टी पी ओ ने सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीएसआर समिति का गठन किया जो सीएसआर कार्यकलापों की समीक्षा करती है। समिति में निम्नलिखित बोर्ड सदस्य शामिल हैं :

- अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य विभाग – अध्यक्ष
- नामित निदेशक, एमएसएमई – सदस्य
- कार्यकारी निदेशक, आई टी पी ओ – सदस्य
- नामित निदेशक, वाणिज्य विभाग – सदस्य
- स्वतंत्र निदेशक (श्री पी. एन. विजय) – सदस्य

3. कंपनी का गत तीन वित्तीय वर्षों में (2013-14, 2014-15 और 2015-16) में औसत निवल लाभ लगभग 184 करोड़ रुपए (लगभग) हैं।

4. वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर क्रियाकलापों पर व्यय की गई धनराशि 3.68 करोड़ रु. (लगभग) है (विगत तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी के औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत)। इसके अलावा, 2.53 करोड़ रु. (लगभग) की धनराशि अव्ययित थी, जिसे आई टी पी ओ वर्ष 2015-16 के दौरान सीएसआर क्रियाकलापों पर खर्च नहीं कर सका। अत: वह कुल धनराशि जिसे आई टी पी ओ द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान सी एस आर क्रियाकलापों पर खर्च की जानी है, वह 6.21 करोड़ रु. (लगभग) है।

5. वर्ष 2016-17 के दौरान किए गए व्यय का विवरण नीचे दिया गया है :

क्र. सं.	सीएसआर परियोजना अथवा निर्दिष्ट कार्यकलाप	क्षेत्र जिसके अंतर्गत परियोजना आती है	परियोजना अथवा कार्यक्रम 1. स्थानीय क्षेत्र या अन्य 2. निर्दिष्ट राज्य एवं जिला जहां परियोजना या कार्यक्रम किये गये	परियोजना का कार्यक्रम-वार कुल परिव्यय धनराशि	परियोजना/ कार्यक्रम पर व्यय की धनराशि उप शीर्षक 1. सीधा व्यय 2. ओवर हैड	रिपोर्टिंग अवधि तक संचित व्यय	प्रत्यक्ष या कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय धनराशि
1	स्वच्छ भारत कोष, भारत सरकार	सफाई एवं स्वच्छता	ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भारत सरकार की परियोजनाएं	एक करोड़ रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में एक करोड़ रु. व्यय किये। कोई ओवर हैड नहीं है	एक करोड़ रु.	भारत सरकार के व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को एक करोड़ रु. का प्रत्यक्ष अंशदान किया।
2	गंगा सफाई कोष, भारत सरकार	स्वच्छता एवं सफाई	भारत सरकार की गंगा नदी परियोजना	एक करोड़ रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में एक करोड़ रु. व्यय किये। कोई ओवर हैड नहीं है	एक करोड़ रु.	जल संसाधन, नदी विकास, एवं गंगा पुनरुद्धार मंत्रालय, भारत सरकार को एक करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष अंशदान
3	स्वास्थ्य मंत्री का कैंसर रोगी कोष	स्वास्थ्य देखभाल	भारत सरकार की परियोजना	30 लाख रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में 30 लाख रु. व्यय किये। कोई ओवर हैड नहीं।	30 लाख रु.	स्वास्थ्य मंत्री के कैंसर रोगी कोष को प्रत्यक्ष अंशदान दिया

4	अक्षय पात्र फाउन्डेशन	समाज कल्याण/ भूख उन्मूलन	अंतिम रूप दिया जा रहा है।	20 लाख रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में 20 लाख रु. व्यय किए। कोई ओवर हैड नहीं।	20 लाख रु.	अक्षय पात्र फाउन्डेशन के लिए प्रत्यक्ष अंशदान किया।
5	खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग (के वी आई सी)	समाज कल्याण/ आजीविका अभिवृद्धि	ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं	27 लाख रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में 27 लाख रु. व्यय किये। कोई ओवर हैड नहीं।	27 लाख रु.	के वी आई सी के लिए प्रत्यक्ष अंशदान
6	प्रयास जुवेलियन एड सेंटर सोसायटी	स्वास्थ्य देखभाल	दिल्ली	17 लाख रु.	प्रत्यक्ष व्यय के रूप में 17 लाख रु. व्यय किये। कोई ओवर हैड नहीं।	17 लाख रु.	प्रयास जुवेनाइल ऐण्ड सेंटर सोसायटी के लिए प्रत्यक्ष अंशदान

